दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
नई दिल्ली। सोमवार 02 मार्च -2026 | वर्ष : 11 अंक : 70 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3

## टी20 वर्ल्ड कप के सेमी फाइनल में पहुंचा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। सुपर-8 के आखिरी मैच में टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया और सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 195 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने 3 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में पहली बार टीम इंडिया ने 180 से ज्यादा रनों को सफल




चेज किया है। संजू सैमसन ने रनों की मैच विनिंग पारी खेली।

वेस्टइंडीज के दिए 196 रनों की लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया की शुरूआत कुछ खास नहीं रही। ओपनर अभिषेक शर्मा 11 गेंद पर 10 रन बनाकर आउट हो गए।




## खामेनेई की मौत के बाद ईरान को मिला नया सुप्रीम लीडर अलीरेजा अराफी?

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी बड़े सैन्य टकराव के बीच ईरान की सत्ता में बड़ा बदलाव हुआ है। अमेरिकी और इस्राइल के संयुक्त हमले में लंबे समय से ईरान के सर्वोच्च नेता रहे अली खामेनई की मौत के बाद देश में नेतृत्व परिवर्तन शुरू हो गया। ऐसे समय में वरिष्ठ धर्मगुरु अयातुल्ला अलीरेजा अराफी को ईरान का नया अंतरिम सुप्रीम लीडर नियुक्त किया गया है।




**खामेनई की मौत के बाद सत्ता परिवर्तन क्यों हुआ? :** रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को अमेरिका और इस्राइल ने ईरान के कई सैन्य और सरकारी ठिकानों पर बड़ा हमला किया। इस अभियान में शीर्ष सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व से जुड़े स्थानों को निशाना बनाया गया। 1989 से ईरान का नेतृत्व कर रहे 86 वर्षीय अली खामेनई की इसी हमले में मौत हो गई। शुरूआत में ईरान ने इन खबरों से इनकार किया, लेकिन बाद में उनकी मौत की पुष्टि की गई। इसके बाद संवैधानिक प्रक्रिया के तहत अंतरिम नेतृत्व व्यवस्था लागू की गई।

**अलीरेजा अराफी कौन हैं और उनकी भूमिका क्या होगी? :** अयातुल्ला अलीरेजा अराफी ईरान के वरिष्ठ धार्मिक नेता माने जाते हैं। उन्हें अंतरिम नेतृत्व परिषद में न्यायविद सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यही परिषद अब सुप्रीम लीडर की जिम्मेदारियां संभालेगी।

## गाजियाबाद में 1 लाख के इनामी का एनकाउंटर लोनी के पुराने मामले से जुड़ा था तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में पुलिस ने एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस के अनुसार, मारा गया आरोपी लोनी के एक पुराने जानलेवा हमले और रंगदारी से जुड़े गंभीर मामले में वांछित था। इसी प्रकरण में उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। देर रात पुलिस टीम को उसके इलाके में होने की सूचना मिली। घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया तो आरोपी ने पुलिस



पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। करीब 10 मिनट तक चली मुठभेड़ में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश गोली लगने से घायल हुआ। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौके से पिस्टल, कारतूस और बाइक बरामद हुई है।

मुठभेड़ के दौरान थानाध्यक्ष लोनी मुकेश कुमार की बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली लगी, जिससे उनकी जान बाल-बाल बच गई। वहीं कॉन्स्टेबल विपिन कुमार और सचिन कुमार की बाजू में गोली लगी। दोनों का अस्पताल में उपचार चल रहा है और हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गोड ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा। उन्होंने पुलिस टीम की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि ह्लबदमाशों को कानून का सख्त संदेश दिया जाएगा।

# 'आज हाउस टैक्स पर जनप्रतिनिधि करेंगे मंथन, आ सकता है कोई बड़ा पैगाम'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** टैक्स मामले पर कोर्ट का फैसला आने के बाद भगवा फोर्ट में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। सियासत जानती है कि जनता की अदालत चुनाव में लगती है और वहां हमें जवाब देना है। वार्ड वाले चुनाव में भी एक आम मतदाता मी लॉर्ड होता है। सीन तो लोकसभा और विधानसभा में भी पब्लिक वाला हार्ड होता है। ऐसे में अब टैक्स वाले मामले मे कोर्ट के डिसिजन के बाद खुद भाजपा बैकफुट पर दिखायी दे रही है। भाजपा के भीतर ही विरोध शुरू हो गया है। विपक्ष भाजपा पर हावी हो रहाहै और भाजपा के लिए एक चुनौती ये है कि उसके अपने नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। नेताओं का अपना तर्क है कि चुनाव के समय हमें इसी जनता के बीच वोट मांगने जाना है। ये जनता है ये हमसे जवाब मांगेगी। सांसद, विधायक , मंत्री पहले ही ये कह चुके हैं कि आम सहमति बनायेंगे, समीक्षा करेंगे।

और कुछ भी करके ऐसा फार्मुला निकालेंगे कि हाउस टैक्स में इतनी वृद्धि नहीं होने देंगे। भापा इस समय बैकफुट पर है और इस बात को उनके जनप्रतिनिधियों ने भी भांप लिया है। सूत्र बताते हैं कि आज इसी समस्या का समाधान करने के लिए डाक बंगले पर भाजपा के सांसद, विधायक और निगम के अधिकारी एक साथ बैठेंगे। आज हाउसटैक्स को लेकर एक फार्मुला आ सकता है।

जनप्रतिनिधि किसी बड़े फैसले पर सहमत हो सकते हैं। बताया जाता है कि इस महत्वपूर्ण बैठक के लिए पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस को चुना गयाहै। इस बैठक में सांसद अतुल गर्ग, सुनील शर्मा, संजीव शर्मा, अजितपाल त्यागी सहित कई जनप्रतिनिधि पहुंचेगे। वहीं इस बैठक में निगम के अधिकारी पहुंचेगे और सूत्र बताते हैं कि भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी इसमें आ सकते हैं। एक सहमति बनेगी कि टैक्स की दरों को किस तरीके से कम करते हुए जनता के बीच संदेश दिया जाये।

### क्या दस साला फार्मूला पर होंगे दोनों पक्ष सहमत



करँट क्राइम। टैक्स को लेकर बोर्ड बैठक हो गयी और प्रस्ताव सर्वसम्मती से निरस्त हो गया। टैक्स को लेकर मुकदमेबाजी हो गयी और याचिका खारिज हो गयी। टैक्स को लेकर पदेन सदस्यों के रूप में सांसद , विधायक भी निगम की बैठक में पहुंचे थे मगर नतीजा वो का वो ही रहा। आज फिर बैठक है और सूत्र बताते हैं कि यहां एक जनप्रतिनिधि दस साला फामुर्ला लेकर आये हैं। दस साल में जिनता टैक्स बढ़ना था उतना बढ़ाया जाये और नयी दरें आज से लागू करें। फार्मुला ये है कि दस प्रतिशत वृद्धि के हिसाब से यदि पहले वर्ष 100 रूपये टैक्स था तो दो साल बात 110 हो जायेगा और फिर अगले दो साल बात वो 121 रूपये हो जायेगा। इसी तरह वो 144, 170 होते हुए 190 पर हो जायेगा। यानी जो टैक्स दस साल पहले 100 रूपये था उसे 190 रूपये किया जाये और ये नयी दरें इस नये वर्ष से लागू की जायें। हर दो साल बात दस प्रतिशत की वृद्धि है। सवाल ये है कि इस दस साला फार्मुले पर सहमति की मोहर कितने प्रतिशन जनप्रतिनिधि लगायेंगे। बैठक के बाद जनता भी जानेगी कि किस जनप्रतिनिधि ने टैक्स को लेकर क्या फार्मुला बताया और कौन वहां टैक्स की लड़ाई में किस तरह से आगे आया।

### क्या उपसभापति परवीन चौधरी ने तैयार की बैठक की भूमिका



करंट क्राइम। हाउस टैक्स को लेकर भगवा खेमे में तूफान से पहले की खामोशी मानी जा रही है। बड़ी बात ये है कि आक्रोश विपक्ष से ज्यादा भाजपा के भीतर है। भाजपा के ही पूर्व मेयर ने हाथ जोड़कर जनता से माफी मांग ली और साफ कहा कि हम आपको राहत नहीं दिला सके। भाजपा के नेता इस बात को समझ रहे हैं और वो चाहते हैं कि मुददे का समाधान हो। नगर निगम के जानकार और सुलझे हुए पार्षदों ने निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष परवीन चौधरी का नाम आता है। हाउस टैक्स पर रार चल रही है और यहां सबसे बड़ी चुनौती पार्षदों के सामने हैं। पार्षदों को रोक रोक कर लोग सवाल कर रहे हैं। 20 पार्षदों ने बैठक भी कर ली और इस बैठक में निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष परवीन चौधरी भी पहुंचे। बताते हैं कि बैठक में ये तय हुआ कि हम सभी पार्षद एकजुट होंगे लेकिन ये एकजुटता तभी कारगर होगी जब इस मिशन में सांसद और विधायक भी साथ आयेंगे। सूत्र बताते हैं कि पार्षदों की बात पर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष परवीन चौधरी ने फोकस किया। उन्होंने इस बिंदु पर काम किया और यहां उन्होंने जनप्रतिनिधियों को साथ लिया और उनसे बात की और उसके बाद मीटिंग का इंतजाम हुआ। सूत्र बताते हैं कि परवीन चौधरी इस बैठक के सूत्रधार बने हैं। वो इस मुददे पर आगे आये हैं और उनका ये प्रयास है कि समय से समाधान हो जाये।

## भगवा कमांडर की होली में बरसा समर्थकों का प्यार और भीड़ आई अपार साबित कर दिया शहर विधायक ने हम ही हैं टीआरपी के सबसे बड़े सरकार






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में कुछ चेहरे ऐसे होते हैं जो कर्मभूमि पर चलते हुए अपने आप में एक ब्रांड हो जाते हैं। ये चेहरे खुद को इस तरह से सियासत के फ्रेम में फिट करते हें कि ये पब्लिक के प्रेम में हिट हो जाते हैं। राजनीति में हर कोई लोकप्रिय होना चाहता है लेकिन पब्लिक की टीआरपी का पैरामीटर इतना टाईट होता है कि यहां फिट होने के लिए फाईट करनी पड़ती है। जो पब्लिक का लोकप्रिय हो जाता है वो सभी का प्रिय हो जाता है। भगवा कमान्डर के नाम से मशहूर संजीव शर्मा ने होली मिलन समारोह किया और साबित कर दिया कि अभी टीआरपी के टॉप पर वही चल रहे हैं। उनके जन्मदिन पर अतुल गर्ग ने उन्हें अब तक का सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष बताया था। आज अतुल गर्ग सांसद हैं और संजीव शर्मा शहर विधायक हैं। तब तक से लेकर अब तक कई पड़ाव गुजरे हैं लेकिन टीआरपी के किंग वाले मुकाम पर संजीव शर्मा ही काबिज हैं। जब उन्होंने होली मिलन का आयोजन किया तो इस बात का एक बार फिर से मुलाईजा हो गया। एक सफल कार्यक्रम फिर से उन्होंने अपने नाम किया। जमकर अपने पन का रंग बरसा और अपार भीड़ यहां आयी। ये एक बात है और आम तौर पर कोई भी जननेता जब किसी कार्यक्रम का आयोजन करते हैं तो वो इसके लिए फोन करते हैं, शहर में होर्डिंग लगाते हैं, बैनर लगते हैं, व्हाटसअप पर मैसेज होते हैं। लेकिन कई बार इतना करने के बाद भी वो रंग नहीं जम पाता है। मगर रंगों के त्यौहार पर शहर विधायक ने ऐसा रंग जमाया कि इसका राज भी समझ में आया। संजीव शर्मा सियासत की नब्ज जानते हैं और अपनी पूरी टीम के साथ वो किसी भी मिशन में लगते हैं। वो जानते हैं कि कुछ ऐसे भी हैं जो सूचना पर आ जायेंगे और कुछ ऐसे भी होते हैं जो निमंत्रण की अपेक्षा रखते हैं। संजीव शर्मा मेजबान के रूप में एक ऐसे इंसान हैं जो इन दोनों की नब्ज पर हाथ रखते हैं। वाो सूचना पर आने वाले के लिए भी अपना आभार व्यक्त करते हैं और निमंत्रण की अपेक्षा वालों को खुद फोन करते हैं और उन्हें स्नेह पूर्वक बुलाते हैं। जब नेता का ये प्यारभरा बुलावा आता है तो लोग खुद चले आते हैं। वो बुलाना जानते हैं, वो खुद जनता केएक बुलावे पर पहुंचते है तो उनके बुलावे पर भी भीड़ आती है। राजनीति में ये मुकाम उन्होंने मेहनत से पाया है। तभी तो होली वाला रंग ऐसा बरसा कि सुबह 11 बजे कार्यक्रम शुरू हुआ और 4 बजे तक ये गुलाल उड़ता रहा। ढोल नगाड़े की थापर पर सब नाचते रहे। कुल मिलाकर ये होली मिलन सियासत में एक मिसाल बना है। शहर विधायक के रूप में संजीव शर्मा ने आने वाले दावेदारों के सामने और विपक्ष के नेताओं के सामने एक बड़ी लाईन खींच दी है। ये केवल होली मिलन नहीं है ये 2027 के चुनावी रण का ट्रेलर भी है।

## 7 मार्च को होगी नगर निगम की बोर्ड बैठक




**माना जा रहा है कि दिल का गुबार बोर्ड बैठक में बाहर आयेगा। इस बोर्ड बैठक में दो मुददे प्रमुखता से रहेंगे। एक मुददा वार्ड के विकास को लेकर उछलेगा। दूसरा हाउस टैक्स को लेकर पार्षद बात रखेंगे।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाई कोर्ट फैसले के बाद भाजपा में इन दिनों सियासत गरमाई हुई है। खास तौर से नगर निगम की पॉलिटिक्स में एक अंडर करंट चल रहाहै। पार्षद बैठकें कर रहे हैं। अब ये माना जा रहा है कि दिल का गुबार बोर्ड बैठक में बाहर आयेगा। जिस बोर्ड बैठक का इंतजार हो रहा था अब उसकी तारीख हो रही है। सात मार्च को नगर निगम की बोर्ड बैठक होगी। माना जा रहा है इस बोर्ड बैठक में दो मुददे प्रमुखता से रहेंगे। एक मुददा वार्ड के विकास को लेकर उछलेगा। कई वार्ड ऐसे हैं जहां बड़ा विकास हुआ है और कई वार्ड ऐसे हैं जिनके विकास वाले कोटे पर सौटा बजा है। वहीं हाउस टैक्स को लेकर पार्षद बात रखेंगे। ये माना जा रहा है कि सात मार्च की बोर्ड बैठक हंगामेदार रहेगी, पार्षद अलग अलग मुददों के साथ आयेंगे।

### धरने की बात दोहराई तो फिर धरना बनेगा इतिहास

करंट क्राइम। बोर्ड बैठक से पहले ही माहौल नजर आने लगा है। अब पार्षदभी पूरी तरह से मोर्चा खोलने के मूड में आ गये हैं। अब वो तंज का जवाब तंज से देने की तैयारी में हैं। भाजपा पार्षद हिमांशु शर्मा ने कहा कि बैठक में या किसी अन्य मौके पर धरने की बात को दोहराया गया तो फिर हम इसका जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि कई मौकों पर ऐसा हुआ कि धरने वाली बात को लेकर तंज कसा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर अब धरने शब्द का इस्तेमाल भी किया तो इतिहास धरने का ही लिखा जायेगा। हम भी फिर वो खुलासे करेंगे कि सब हैरान रह जायेंगे। उन्होंने कहा कि धरने वाले शब्द का इस्तेमाल करने से पहले वो इस बात को सोच लें।



# डबल इंजन सरकार का जोर, पुडुचेरी में 2700 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट्स लॉन्च



**पुडुचेरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुडुचेरी दौरे के दौरान 2700 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुडुचेरी आना उनके लिए सम्मान की बात है और यह संतों, कवियों तथा स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि रही है। उन्होंने याद दिलाया कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती ने इसी धरती से राष्ट्रवाद की अलख जगाई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मैं पहले यहां आया था, तो मैंने 'इएरळ पुडुचेरी' का मंत्र दिया था- जिसका मतलब है बिजनेस, एजुकेशन, स्पिरिचुअलिटी और टूरिज्म। उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े चार वर्षों में यह विजन फल दे रहा है। पुडुचेरी में अच्छा शासन और विकास हुआ है। जब केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश एक ही विजन और लगन से काम करते हैं, तो नतीजे तेजी से और बेहतर होते हैं।

**इंफ्रास्ट्रक्चर को रिकॉर्ड बजट :** पीएम मोदी ने कहा कि देशभर में उच्च गुणवत्ता के बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस वर्ष के बजट में 12 लाख करोड़ रुपये इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए आवंटित किए गए हैं। इससे पुडुचेरी में बेहतर सड़कें, पेयजल आपूर्ति, तटीय ढांचा, स्कूल और अस्पताल जैसी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी।

### शिक्षा और युवाओं को बढ़ावा

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक मजबूत और सशक्त युवा हमारी तरक्की की नींव है। हम सपनों को सपोर्ट करने के लिए काम कर रहे हैं। एनआईटी कराईकल में नया डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और मॉडर्न हॉस्पिटल की सुविधाएं कई स्टूडेंट्स के लिए टेक्निकल एजुकेशन को मजबूत करेंगी। पुडुचेरी विश्वविद्यालय में भी आधारभूत ढांचे का विस्तार किया गया है।

### इलेक्ट्रिक बस और हरित मोबिलिटी

उन्होंने कहा कि आज दुनिया ऐसी मोबिलिटी पर फोकस कर रही है जो ज्यादा साफ और ग्रीन हो। इलेक्ट्रिक गाड़ियां हमारी जिंदगी का एक जरूरी हिस्सा बन गई हैं। पुडुचेरी जैसे टूरिज्म हब में, इलेक्ट्रिक बसें प्रदूषण कम करने के लिए गेम-चेंजर हो सकती हैं। पीएम ई-बस सेवा के तहत, इलेक्ट्रिक बसें दी जा रही हैं। आज हमारे प्रोग्राम से जुड़े हाउसिंग प्रोजेक्ट्स परिवारों को स्टेबिलिटी और डिग्निटी देंगे। पूरे पुडुचेरी में कई सौ करोड़ के प्रोजेक्ट्स हैं।

### विपक्ष पर निशाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा 'डबल इंजन सरकार जो अच्छा काम कर रही है, उसका जश्न मनाना जरूरी है। लेकिन यह भी याद रखना जरूरी है कि पहले हालात कैसे थे। कांग्रेस-ऊद्ध के राज में पुडुचेरी के लोगों को बहुत तकलीफ हुई। वे साल पॉलिटिकल अस्थिरता, करप्शन, क्राइम और गरीबों की तकलीफ से भरे थे। राशन की दुकानों के पास चावल नहीं था, सैलरी में देरी होती थी, गुंडे और ड्रग माफिया का राज था।'

# दिल्ली पुलिस का साइबर ठगों पर बड़ा एक्शन: 11 राज्यों में छापेमारी

## डेढ़ करोड़ की ठगी का खुलासा: 27 आरोपी पकड़े

**नई दिल्ली।** तकनीकी जांच करने के बाद पुलिस ने आरोपियों की पहचान की और फिर जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न राज्यों में एक साथ दबिश दी।

पश्चिम जिला साइबर सेल ने जालसाजों के खिलाफ देशव्यापी कार्रवाई करते हुए 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सप्ताहभर चले इस विशेष अभियान में 11 राज्यों में एक साथ छापेमारी की और पुलिस ने करीब 10 बड़े मामलों का खुलासा किया है। इन मामलों में डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की ठगी सामने आई है, जबकि आरोपियों के बैंक खातों में करीब 13.91 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन का पता चला है।




जिला पुलिस उपायुक्त दरादे शरद भास्कर ने बताया कि साइबर सेल की टीम ठगी के मामलों की जांच कर रही थी। तकनीकी जांच करने के बाद पुलिस ने आरोपियों की पहचान की और फिर जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न राज्यों में एक साथ दबिश दी।

गिरफ्तार आरोपियों का संबंध निवेश ठगी, एपीके फाइल ठगी, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के जरिए ठगी, क्रेडिट कार्ड जालसाजी सहित अन्य ठगी से है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 25 मोबाइल फोन, 28 सिम कार्ड, 20 बैंकिंग कार्ड, एक पीओएस मशीन, एक बाइक, कई बैंक दस्तावेज और खाता किट बरामद किए हैं।

# खामेनेई की मौत के बाद देशभर में विरोध दिल्ली से कश्मीर तक प्रदर्शन तेज

**नई दिल्ली।** जामियानगर इलाके के ओखला विहार में शिया समुदाय के लोग इकट्ठा हुए और अमेरिकी और इस्राइली नेताओं (डोनाल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू) के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया जताई। ईरान पर इस्राइली और अमेरिका ने मिलकर हमला किया। जिसमें ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। खामेनेई की मौत के बाद भारत के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। वहीं, दिल्ली के जामियानगर इलाके के ओखला विहार में शिया समुदाय के करीब 100 से 150 लोग इकट्ठा हुए। इन लोगों ने अमेरिका ओर इस्राइली के खिलाफ नारेबाजी की। जोहर की नमाज से पहले थोड़ी देर नारेबाजी हुई। फिलहाल मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।

प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए अमेरिकी और इस्राइली नेताओं (डोनाल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू) के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया जताई। स्थानीय लोगों के अनुसार, प्रदर्शन शांतिपूर्ण था, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों ने हालात पर नजर बनाए रखी। इस मौके पर प्रदर्शनकारियों ने खामेनेई के प्रति समर्थन और अमेरिका-इस्राइल के हमलों की निंदा भी की।



### उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी

लखनऊ में भी शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह बैठक में सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इसके तहत लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी बढ़ा दी गई है।

### कश्मीर में भी सड़कों में उतरे लोग

वहीं कश्मीर के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए। अधिकारियों के अनुसार, खासतौर पर शिया आबादी वाले इलाकों में सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ नारे लगाए, ईरान के साथ एकजुटता व्यक्त की और हमले की निंदा की। प्रदर्शनों में खामेनेई की तस्वीरें और ईरान के समर्थन में बैनर दिखाए गए, साथ ही काले झंडे और पारंपरिक शोक गीत (नौहा) भी गाए गए। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार हालात पर नजर रखे हुए है और विदेश मंत्रालय के संपर्क में है ताकि ईरान में मौजूद जम्मू-कश्मीर के लोगों, खासकर छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की मौत के विरोध में जंतर मंतर पर लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों में ईरान पर हो रहे हमले के विरोध में नारे लगाए।

## जंतर-मंतर की जनसभा में केजरीवाल का ऐलान

# 10 साल में एक पैसा भ्रष्टाचार नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जंतर-मंतर पर एक जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि 10 साल में एक पैसा भी करप्शन का नहीं मिला। अगर दिल्ली सरकार का कोई कॉन्ट्रैक्टर, कोई वेंडर खड़ा होकर कहे कि केजरीवाल ने पैसे मांगे, तो मैं पॉलिटिक्स छोड़ दूंगा।



जनसभा को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'देश में इस समय डर का माहौल है और उसके बावजूद जज साहब ने देश के हक में धाकड़ फैसला सुनाया, उसके लिए मैं जज साहब का शुक्रिया अदा करता हूं। जज साहब ने मोदी जी और भाजपा के झूठ पर तमाचा मारते हुए कहा है कि अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी बेईमान नहीं बल्कि कट्टर ईमानदार हैं। देश की जनता कांग्रेस से परेशान हो गई थी और लोगों ने बड़ी उम्मीदों से मोदी जी की सरकार बनाई थी। लेकिन कुछ नहीं सुधरा बल्कि और भी ज्यादा बर्बाद कर दिया है। पूरे देश में पेपर लीक हो रहे हैं और ये परीक्षा पर चर्चा की नौटंकी कर रहे हैं।

केजरीवाल ने कहा, 'गुजरात में भाजपा की 30 साल से सरकार है लेकिन वहां का बहुत बुरा हाल है। पूरी दुनिया चांद पर पहुंच गई है लेकिन इनसे सड़कें नहीं बन पा रही हैं। इनसे देश के शहरों की सफाई नहीं हो पा रही, हवा जहरीली हो चुकी है। मोदी जी, विकसित भारत बाद में बना देना, पहले रहने लायक तो बना दीजिए।'

वहीं, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने कहा, 'हम सबने देखा है कि किस तरह से भाजपा ने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ षड्यंत्र किया। किस तरह झूठे आरोप लगाए गए। बिना किसी सबूत को जेल में डाला गया।

### 10 साल में एक पैसा भी करप्शन का नहीं मिला: केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'आईआईटी में मेरे बहुत अच्छे नंबर आए थे। मैं पढ़ाई में अच्छा था। अगर मैं चाहता तो अमेरिका जाकर पढ़ सकता था। मेरे कई दोस्त अमेरिका गए। लेकिन उस समय मेरे मन में एक ख्याल आया: हमारे देश की हालत बहुत खराब है। अगर हम सब पढ़े-लिखे लोग, आईआईटी और बड़े इंस्टीट्यूशन में पढ़कर अमेरिका चले गए, तो हमारे देश का ख्याल कौन रखेगा? हमारे देश को कौन ठीक करेगा? मैं अमेरिका नहीं गया। मैं इंडिया में ही रहा, मुझे नहीं पता कि प्राइम मिनिस्टर मोदी मुझसे क्यों नफरत करते हैं। प्राइम मिनिस्टर मोदी ने मेरे खिलाफ अनगिनत इंक्वायरी करवाईं। 10 साल में एक पैसा भी करप्शन का नहीं मिला। अगर दिल्ली सरकार का कोई कॉन्ट्रैक्टर, कोई वेंडर खड़ा होकर कहे कि केजरीवाल ने पैसे मांगे, तो मैं पॉलिटिक्स छोड़ दूंगा।'

# मेरठ अग्निकांड: चंद्रशेखर आजाद ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर 5 करोड़ मुआवजे की मांग की

**मेरठ।** नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद रविवार को मेरठ के किदवई नगर पहुंचे। उन्होंने सरकार से मांग की, कि पीड़ितों का पूरा परिवार उजड़ गया, कारोबार खत्म हो गया, पांच करोड़ की आर्थिक मदद की जाए। किदवईनगर में मकान में भीषण आग लगने से छह लोगों की दुखद मृत्यु के मामले में नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद रविवार को मेरठ आकर पीड़ित परिवार से मिले और उन्हें सांत्वना दी। आजाद समाज पार्टी के संस्थापक चंद्रशेखर ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और सरकार से पीड़ित परिवार को पांच करोड़ की आर्थिक सहायता देने की मांग की।



सांसद चंद्रशेखर ने घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक अत्यंत दुखद घटना है। उन्होंने पीड़ित परिवार के साथ करीब आधा घंटे तक बातचीत की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान, पीड़ित परिवार ने आर्थिक मदद के लिए इंकार कर दिया, लेकिन सांसद चंद्रशेखर ने सरकार से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और पीड़ित परिवारों को 5 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की।

**अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर भी उठाए सवाल :** पीड़ित परिवारों से मुलाकात के दौरान, सांसद चंद्रशेखर ने अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजराइल सुपरपावर बनने की होड़ में हैं और जब मन चाहा, तब किसी देश पर हमला कर देते हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी देश को गलतफहमी हुई और उन्होंने भारत की तरफ आंख उठाई, तो ईंट से ईंट बजा दी जाएगी। उन्होंने याद दिलाया कि भारत की मिट्टी में वह दम है जिसने अंग्रेजों को खदेड़ दिया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की आंतरिक राजनीति पर वे विचार करेंगे, लेकिन किसी दूसरे देश को भारत के बारे में कुछ भी बोलने की इजाजत नहीं दी जाएगी। चंद्रशेखर ने मेरठ के आईआईएमटी विवि में मुस्लिम छात्र को पीटने की भी निंदा की।

**पांच बच्चों समेत छह की जलकर हुई मौत :** मेरठ स्थित थाना लिसाड़ीगेट में एक सप्ताह पूर्व कपड़ा कारोबारी आसिम के मकान में आग लगने से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मां और उसके पांच बच्चे भी शामिल हैं, जिनमें दो जुड़वां बहनें हैं। मृतक में रुखसार (30 वर्ष) पत्नी आसिम, अकदस (3 वर्ष) पुत्र आसिम, अनबिया (6 माह) पुत्री आसिम (जुड़वां), इनायत (6 माह) पुत्री आसिम (जुड़वां), महविश (12 वर्ष) पुत्री फारूक, हम्माद (4 वर्ष) पुत्र फारूक शामिल थे।

# रेत से भरे ट्रक की चपेट में आई तीन कारें, दो की मौत कई घायल, अमृतसर में भीषण हादसा

**पंजाब।** पंजाब के अमृतसर में भीषण सड़क हादसा हुआ है। रेत से भरा टिप्पर (ट्रक) अनियंत्रित होकर डिवाइडर के ऊपर चढ़ गया और दूसरी तरफ से आ रहे वाहनों से टकराने के बाद पलट गया। टिप्पर की चपेट में तीन कारें आई हैं।



अमृतसर में वेस्टर्न विला बाईपास के सामने बुधवार दोपहर करीब 12 बजे बड़ा सड़क हादसा हो गया। रेत से भरा एक टिप्पर डिवाइडर पर चढ़कर संतुलन खो बैठा और पलट गया। हादसे में आसपास खड़ी और गुजर रही तीन कारों को चपेट में लिया। टिप्पर तीन कारों के ऊपर पलट गया, जिससे गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

एडीसीपी अमनदीप कौर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत एंबुलेंस के जरिए श्री गुरु नानक देव अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब तक किसी भी व्यक्ति की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घायलों की संख्या और स्थिति के बारे में सत्यापन के बाद ही जानकारी साझा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार दो लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। हादसे के बाद टिपर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। वाहन के दस्तावेज और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ने सबसे पहले यातायात बहाल करने को प्राथमिकता दी। अधिकारियों ने बताया कि इन दिनों आनंदपुर साहिब में मेले के कारण हाईवे पर वाहनों की आवाजाही बढ़ी हुई है। ऐसे में ट्रैफिक को सुचारू रखना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की पहली प्राथमिकता है।

# 15 नक्सलियों ने एके 47 सहित हथियारों के साथ किया आत्मसमर्पण, 9 महिला और 6 पुरुष माओवादी शामिल

**महासमुंद।** 15 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें नौ महिला और छह पुरुष नक्सली शामिल हैं। माओवादियों ने एके 47 सहित कई हथियारों के साथ यह कदम उठाया है। आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों की पहली तस्वीर सामने आई है। आज 15 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें नौ महिला और छह पुरुष नक्सली शामिल हैं। माओवादियों ने एके 47 सहित कई हथियारों के साथ यह कदम उठाया है। आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों की पहली तस्वीर सामने आई है। यह घटना क्षेत्र में शांति बहाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। पुलिस प्रशासन ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए विशेष व्यवस्था की है।



उनका स्वागत रेड कारपेट बिछाकर किया जाएगा। यह कदम अन्य नक्सलियों को भी मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित कर सकता है। आज दोपहर 3:30 बजे रक्षित केंद्र महासमुंद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। इस दौरान आत्मसमर्पण की पूरी जानकारी साझा की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह आत्मसमर्पण एक बड़ी सफलता है। स्वागत और उपस्थिति इस महत्वपूर्ण अवसर पर रायपुर के पुलिस महानिरीक्षक और संबलपुर के पुलिस महानिरीक्षक मौजूद रहेंगे।

# खामेनेई की हत्या पर फूट-फूटकर रोईं महिलाएं और पुरुष शिया मुसलमान सड़कों पर उतरे, लखनऊ में विरोध प्रदर्शन

**लखनऊ।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में शिया मुसलमान लखनऊ में सड़कों पर उतरे। शिया मुस्लिम समुदाय के लोग खामेनेई की मौत पर शोक मना रहे हैं। इस्राइल और वर के हमलों में खामेनेई मारे गए हैं। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि ₹जिनके खून में गद्दारी है, उन्होंने खामेनेई को धोखे से मारा है, अगर एक खामेनेई मारा गया, तो हजार खामेनेई उठ खड़े होंगे। इस्राइल और अमेरिका धोखेबाज हैं।



राजधानी लखनऊ में रविवार को सुबह शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। रोते बिलखते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। यहां तक कि महिलाएं भी सड़कों पर रोते दिखीं। छोटे इमामबाड़े के पास बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग एकत्र हो गए।

इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के अध्यक्ष एवं इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि इस्राइल और यूएस ने मिलकर एक स्वतंत्र देश ईरान पर हमला किया, उन्होंने स्कूलों को भी नहीं छोड़ा। इसकी हम निंदा करते हैं। वहीं शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने कहा कि खामेनेई दुनिया के सभी मुसलमानों का ख्याल रखने वाले नेता थे। आज पूरी दुनिया ने देख लिया कि इस्राइल और यूएस ने किस तरह दहशतगर्दी फैलाई है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर एक प्रदर्शनकारी महिला ने कहा कि ₹जिनके खून में गद्दारी है, उन्होंने खामेनेई को धोखे से मारा है, अगर एक खामेनेई मारा गया, तो हजार खामेनेई उठ खड़े होंगे। इस्राइल और अमेरिका धोखेबाज हैं।

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर शिया धार्मिक नेता मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि कल इस्राइल और अमेरिका ने जो हमला किया, उसे टेररिस्ट अटैक कहा जा रहा है। आज इसने पूरी खाड़ी को जंग में झोंक दिया है, और आप सब खाड़ी में हालात देख रहे हैं। दुनिया को समझना चाहिए कि अमेरिका और इजराइल कैसे पूरी दुनिया में खून-खराबा, नफरत और दहशतगर्दी फैला रहे हैं... खामेनेई किसी एक देश के लीडर नहीं थे, बल्कि हर दबे-कुचले इंसान, हर मुसलमान और हर इंसान के लीडर थे... कोई नहीं जानता कि यह चल रहा झगड़ा कहां ले जाएगा। लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि ईरान जीतेगा...

**'हम शहादत से नहीं डरते' :** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि हम शहादत से नहीं डरते... ईरान ने अमेरिका और इस्राइल को कड़े शब्दों में कहा है कि ऐसा करारा जवाब दिया जाएगा कि वे इसे हमेशा याद रखेंगे... दुनिया दोनों देशों को खत्म होते देखेगी।

### लखनऊ में शिया समुदाय के लोग तीन दिन का मनाएंगे शोक

आयतुल्ला खामेनई की शहादत पर घोषित तीन दिवसीय शोक के तहत शिया समुदाय के लोग अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस संबंध में मौलाना कल्बे जवाद ने तमाम उम्मते मुस्लिमा और इंसानियत परस्त लोगों से शोक में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने बताया कि रविवार रात 8 बजे छोटे इमामबाड़े में शोकसभा आयोजित की जाएगी, जिसके बाद कैंडल मार्च निकाला जाएगा। मौलाना ने देशभर के शिया समुदाय से अपील की है कि रात 8 बजे एक ही समय पर शोकसभाएं आयोजित करें और जहां संभव हो वहां कैंडल मार्च निकालें। साथ ही सभी लोगों से बड़ी संख्या में शोकसभा में शामिल होकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देने का आह्वान किया गया है।

### 'ट्रंप आसानी से नहीं जीत सकते'

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर एक प्रदर्शनकारी महिला ने कहा कि वो (वर) बातचीत से धोखा देते रहे और युद्ध की धमकी देते रहे, लेकिन हमारे लीडर डरे नहीं और झुके नहीं। अगर एक खामेनेई मारा गया, तो हजार खामेनेई उठ खड़े होंगे और यह युद्ध जारी रहेगा। ट्रंप आसानी से नहीं जीत सकते।

### 'यह इंसानियत के लिए बहुत बड़ा नुकसान है'

इस्राइल और वर के हमलों में मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई पर शिया धर्मगुरु मौलाना सैयद कल्बे जवाद ने कहा कि ये सब कायर हैं जिन्होंने एक ऐसे लीडर को शहीद कर दिया जो हमेशा दबे-कुचले लोगों की मदद करता था। ट्रंप और नेतन्याहू ने अपने डेथ वारंट पर साइन कर दिए हैं। अल्लाह उन्हें सजा देगा। हमने तीन दिन के शोक का एलान किया है, और लोगों को अपनी दुकानें और बिजनेस बंद कर देने चाहिए, लेकिन हमें किसी पर दबाव नहीं डालना चाहिए। यह इंसानियत के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। हम आज रात 8 बजे कैंडललाइट मार्च निकालेंगे।

**बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, पिक्चर गैलरी सब बंद**

खामेनेई की मौत पर लखनऊ में शिया समुदाय के लोग तीन दिन तक शोक मनाएंगे। इसके चलते बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, पिक्चर गैलरी सभी रविवार से ही बंद कर दिए गए हैं। कोई भी पर्यटक तीन दिन तक नहीं घूम पाएगा। बड़ा इमामबाड़ा पर ताला लगा दिया गया है। घूमने के लिए आए पर्यटकों को मायूस लौटना पड़ रहा है। वह बाहर से ही फोटो खींचकर लौट रहे हैं।

# एसआईआर ने बिछड़े भाइयों को मिलाया, 28 साल बाद लौटा गुमशुदा भाई, देखकर फफक पड़े परिजन

**कानपुर।** महोबा जिले मे निर्वाचन आयोग की ओर से चलाया जा रहा मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का अभियान एक परिवार के लिए होली पर खुशियां लेकर आया। 28 साल पहले घर छोड़कर गया भाई एसआईआर के लिए जरूरी डाटा जुटाने की जद्दोजहद में अब वापस लौट आया है। होली से पहले भाई के घर लौटने पर परिवार में खुशियों का माहौल है। तहसील महोबा की ग्राम पंचायत भंडरा में करीब 28 वर्ष पहले गुनिया मिश्रा के दो बेटे संतोष मिश्रा और आत्मदेव मिश्रा रहते थे। गांव में रोजगार न मिला तो आत्मदेव अपने साथी विजय सोनी के साथ घर से बिना बताए ही चले गए। परिवार के लोगों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं लगा। करीब 28 साल का समय गुजरने के बाद भी कोई जानकारी नहीं लगी।



### जबरदस्त तरीके से मनाई जाएगी होली

ऐसे में परिजन और रिश्तेदार उसे भूल ही गए थे। अचानक ही आत्मदेव भंडरा गांव स्थित अपने घर पहुंच गए। उन्हें पाकर भाई संतोष मिश्रा की खुशियों का कोई ठिकाना न रहा। संतोष कहते हैं कि भले ही एसआईआर के चलते कुछ लोग परेशान हैं, लेकिन उनके घर की खुशियां तो इसके चलते लौट आई हैं। इस बार जबरदस्त तरीके से होली मनाई जाएगी।


**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद**
विकास पथ गाजियाबाद

**सार्वजनिक नोटिस**

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है:-

| क्र0 सं0 | आवंटी/पट्टेदार का नाम | भूखण्ड सं0 / योजना का नाम | आवेदक का नाम | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्री उमेश चन्द शर्मा पुत्र श्री जगन्नाथ प्रसाद | 2/121, सै.-02, राजेन्द्रनगर | श्री अजय शर्मा व श्री विजय कुमार शर्मा पुत्रगण स्व. श्री उमेश चन्द शर्मा | 2/121, सै.-02, राजेन्द्रनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, 9650681747 | आवंटी श्री उमेश चन्द्र शर्मा का देहान्त दिनांक 05.09.2024 को होने के कारण | फ्री-होल्ड |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड के अन्तरण/नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा स्तम्भ-4 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अन्तरण/नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

**सहायक प्रभारी सम्पति, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**

02 Mar -26 page 3 01-03-2026 10:54 PM Page 1






# गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों से लेकर उनकी पसंद के नाम धड़कनें बढ़ा गये हैं पर्यवेक्षक राम प्रताप सिंह चौहान







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा में संगठन वाला काउन्टडाउन शुरू हो गयाहै। करंट क्राइम ने पूरा चार्ट प्रकाशित किया था और बताया था कि इस बात क्या चार्ट रहेगा और जनप्रतिनिधियों की राय ली जायेगी। 2 मार्च तक ये नाम जाने हैं और एक मार्च को गाजियाबाद में भाजपा दफ्तर पर पर्यवेक्षक रामप्रताप सिंह चौहान आये। रामप्रताप सिंह चौहान आये । रविवार को भाजपा कार्यालय पर उन्होंने पूरी मॉनिटरिंग की और माना जा रहा है कि होली के बाद टीम घोषित हो सकती है। शहर में एक तरफ होली मिलन के कार्यक्रम चलते रहे तो रविवार को दूसरी तरफ संगठन निर्माण को लेकर रिवायत चलती रही। होली के बाद उम्मीद है कि संगठन की घोषणा हो जायेगी। इसकी तैयारी शुरू हो गयी है। रविवार को पर्यवेक्षक रामप्रताप सिंह चौहान आये और उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी उनकी राय ली। सूत्र बताते हैं कि इस बार संगठन में चार के स्थान पर तीन महामंत्री होंगे। 90 नाम शॉर्टलिस्ट हुए हैं। जिस नाम का ज्यादा जोर है वो सभी नाम लिस्ट में लिये गये हैं। पर्यवेक्षक आये और उन्होंने पार्टी कार्यालय पर सभी से बात की। सूत्र बताते हैं कि जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष आये और यहां विधायक भी पहुंचे। क्षेत्रीय टीम और प्रदेश टीम के पदाधिकारी भी पहुंचे।





## सांसद अतुल गर्ग ने की बात तो कैबिनेट मंत्री बोले फोन पर करेंगे बात

करंट क्राइम। टीम के गठन का नक्शा तैयार हो रहा था और जनप्रतितिनिधियों से भीपर्यवेक्षक उनकी पसंद के नाम पूछ रहे थे। यहां जनप्रतिनिधि अपनी लिस्ट के नाम तो देना चाहते थे मगर वो ये ओपन नहीं करना चाहते थे कि उन्होंने किसका नाम दिया है। इसकी वजह ये है कि जनप्रतिनिधि के लिए सभी कार्यकर्ता समान होते हैं और उनकी नजर में कुछ कार्यकर्ता मेहनती कर्मठ होते हैं। सूत्र बताते हैं कि अतुल गर्ग ने पर्यवेक्षक से मुलाकात की। वहीं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने भी मुलाकात की और बताया जाता है कि उन्होंने पर्यवेक्षक से चलते चलते ये भी कहा कि वो उनसे फोन पर अलग से बात करलें। वहीं एक महिला जनप्रतिनिधि पर्यवेक्षक के साथ काफी देर तक रहीं।

## मानसिंह गोस्वमी ने लिखकर दिये हैं नाम

करंट क्राइम। पर्यवेक्षक आये और यहां उनसे मुलाकात के लिए सांसद-विधायक पहुंचे। प्रदेश टीम की ओर से बसंत त्यागी पहुंचे और क्षेत्रीय टीम पदाधिकारी के रूप में मानसिंह गोस्वमी पहुंचे। सभी अपनी राय दे रहे थे और सूत्र बताते हैं कि मानसिंह गोस्वामी ने अपनी पसंद के नाम लिखकर दिये हैं। जबकि मयंक गोयल अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाह करते दिखाई दिये।

## जिन्होंने काटे भाजपा के वोट उन्हें ना करें टीम में प्रमोट

करंट क्राइम। भाजपा की नयी हवा को सब जानते हैं और सब ये भी जानते हैं कि अब किसी मंडल अध्यक्ष की सिफारिश में कैबिनेट मंत्री अड जाते हैं। किसी को महानगर में लाने के लिए केन्द्र से बड़ा फोन आ जाता है। रविवार को जब पर्यवेक्षक आये तो यहां हवा बगावत के खिलाफ थी। सूत्र बताते हैं कि एक जनप्रतिनिधि ने नामों को लेकर ओपन चर्चा होनी चाहिए। एक जनप्रतिनिधि ने कहा कि जिसने खुलकर भाजपा को हराने के लिए वोट मांगे और भाजपा को विरोध किया वो लोग अब महानगर और जिले की टीम में आने का प्रयास कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है। ऐसे बागियों को बिल्कुल भी पद नहीं मिलना चाहिए।

## किया है उन्होंने इतना काम अब वो करें आराम

करंट क्राइम। महानगर की टीम की चेहरों को लेकर रायशुमारी हो रही थी। अपने अपने नामों को सैट कराने के लिए इंटरनल तरीके से मारा मारी हो रही थी। इसी बीच यहां एक नयी बात सामने आ गयी और वो ये कि उन चेहरों की सियासत को रिसेट किया जाये जो कई कार्यकाल से हर अध्यक्ष के साथ सैट हो रहे हैं। यहां पर्यवेक्षक के कानों तक ये आवाज पहुंची और उन्हें बताया गया कि कई चेहरे ऐसे हैं जिन्होंने चार महानगर अध्यक्षों के साथ उसी पद पर पारी खेली है। पर्यवेक्षक को बताया गया कि कई चेहरे चार अध्यक्षों के साथ उसी पद पर काम कर चुके हैं। अब इस परिपाटी को रोका जाये और जिन चेहरों ने इतनी सेवायें दी हैं अब उनका प्रमोशन दिया जाना चाहिए,उन्हें आराम मिलना चाहिए। और नयी टीम में नये चेहरों को इन पदों पर मौका मिलना चाहिए।

## 50 प्लस वाले ऐज रूल ने बो दिये हैं कई दावेदारों की राह में बबूल

# अंडर 50 वाले चाहते हैं लागू हो नियम, वो कह रहे हैं रूल इज रूल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** फूल वालों के यहां संगठन निर्माण चल रहा है और बताते हैं कि ऐज वाले रूल ने कई दावेदारों की दावेदारी पर खतरे का निशान लगा दिया है। 50 प्लस वाला ऐज फैक्टर कई नेताओं की दावेदारी पर भारी पड़ रहा है। इस ऐज फैक्टर वाले नियम से कई भगवा दावेदार टैंशन में आ गये हैं। वहीं भाजपाके ही कुछ चेहरे ऐसे हैं जो इस रूल को हंस हंस कर तूल दे रहे हैं। एक खेमा ऐसा है जो बॉर्डर लाईन पर है और वो चाहता है कि थोड़ा बहुत प्लस माईनस कंसीडर किया जाये। वहीं अंडर 50 वाले चाहते हैं कि रूल ईज रूल और प्लस माईनस का क्या मतलब है। गौरतलब है कि पार्टी का नया फॉरमेट आया है और इस फॉरमेट में ये स्पष्ट कर दिया गया कि 30 से 50 आयु वर्ग के चेहरों को लिया जायेगा। यानी युवा राजनीति को प्रमोट किया जायेगा और जो चेहरे अब 50 वाली आयु सीमा को पार कर रहे हैं उन्हें पद वाली दावेदारी से वीआरएस दिया जायेगा।




बताते हैं कि जबसे ये नियम आया है कई दावेदार टेंशन में हैं क्योंकि उन्हें इस रूल के चक्कर में अपने दावेदारी की पेंशन बंधती दिखाई दे रही है। सूत्र बताते हैं कि इस नये 50 प्लस नियम के बाद 50 परसेंट दावेदारी साफ हो जायेंगी। वो ये तर्कदे रहे हैं कि 19-20 का फर्क होना चाहिए।

यानी अगर कोई 51 वर्ष का है तो उसका नाम कंसीडर होना चाहिए। लेकिन अंडर 50 वाले इस बात पर कतई राजी नहीं है, उनका कहना है कि कोई प्लस माईनस नहीं चलेगा। वो ये तर्क दे रहे हैं कि जब तीन महामंत्री का रूल आ गया, महिलाओं और दलितों की संख्या का रूल आ गया तो फिर ऐज फैक्टर में किस बात का प्लस माईनस हो रह है। और ये ऐज वाला नियम भी संगठन की नीति का हिस्सा है।

### क्यों मांग रहे हैं एक दूसरे से आधारकार्ड और दसवीं की मार्कशीट

करंट क्राइम। फूल वालों की ये बड़ी खूबी है कि वो अपनों से तफरी लेने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने देते। कर्मठता, समर्पण और निष्ठा पर उम्र भारी पड़ गयी है। एक तरफ तो उम्र का तकाजा है और दूसरी तरफ उम्र पूछने वालों ने अलग फजीता कर रखा है। अब सीन ये चल रहा है कि पार्टी कार्यक्रम से लेकर सामाजिक समारोह में कई दावेदार एक दूसरे की उम्र पूछ रहे हैं। और ऐज पूछने के बाद ये जरूर कहते हैं कि लगते तो तुम ज्यादा उम्र के हो। बात यहीं खत्म नहीं होती और फिर वो दसवीं की मार्कशीट दिखाने की बात करत हैं तो कोई आधार कार्ड मांग लेता है। एकदूसरे की उम्र तलाशी जा रही है। इस सीन में वो चेहरे सकून फील कर रहे हैं जो अभी 50 का होने में तीन महीने पीछे हैं। वो तीन महीनों को आधार मानकर दावेदारी में तीन कदम आगे चल रहे हैं।

## पांच दिन और 109 घंटे की तलाश के बाद मिली लाश, हत्या या हादसा अब खुलेगा राज

**गाजियाबाद।** गोपाल का पूरा परिवार व रिश्तेदार सबके सब गोपाल को ढूंढने में लगे थे। गोपाल के भाई आकाश ने बताया कि रविवार सुबह साढ़े 9 उन्हें वेव सिटी क्षेत्र में डासना रजबहे में इनायतपुर के पास तिमोही पुल में शव अटका मिला जो उनके छोटे भाई गोपाल का था।

यूपी के गाजियाबाद स्थित मसूरी क्षेत्रांतर्गत चितौड़ा गंगनहर पुल से लापता योगा ट्रेनर का शव डासना रजबहे में रविवार सुबह तिमोही पुल में अटका मिला। योगा ट्रेनर की बाइक व मोबाइल फोन मंगलवार शाम चितौड़ा गंगनहर पुल पर मिले थे। उसी दिन से परिजन, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें योगा ट्रेनर को गंगनहर में लगातार तलाश कर रही थीं।

परिजन गोपाल की तलाश में लगे थे, गोपाल के बड़े भाई आकाश ने रविवार सुबह पुलिस को सूचना देकर अपने भाई का शव इनायतपुर के पास तिमोही पुल में होने की सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने युवक के शव को मेडिकल परिक्षण के लिए भेजा। पांचवें दिन लगभग 109 घन्टों के बाद योगा ट्रेनर गोपाल का शव रविवार सुबह साढ़े 9 बजे वेव सिटी क्षेत्र के डासना मैन कल्दा रजबहे में इनायतपुर के पास तिमोही पुल में अटका मिला।

# सांसद ने दिया आश्वासन, गृहकर में राहत दिलाने का भरोसा : टीपीएस त्यागी



## कोरवा-यूपी प्रतिनिधिमंडल ने रखी जनता की चिंता, समाधान की दिशा में संवाद पर जोर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में गृहकर को लेकर चल रही चर्चा के बीच कोरवा-यूपी (कन्फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए उत्तर प्रदेश) का एक प्रतिनिधिमंडल स्थानीय सांसद अतुल गर्ग से उनके कविनगर स्थित आवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने शहरवासियों की भावनाओं और बढ़े हुए गृहकर को लेकर व्याप्त असंतोष से सांसद को अवगत कराया। कोरवा-यूपी के मुख्य संरक्षक कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने कहा कि पिछले वर्ष नगर निगम सदन में बढ़े हुए गृहकर को निरस्त करने का निर्णय लिया गया था। ऐसे में वर्तमान स्थिति को लेकर नागरिकों के बीच असमंजस और चिंता का वातावरण है। उन्होंने आग्रह किया कि जनप्रतिनिधियों के निर्णय और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप इस विषय पर पुनर्विचार होना चाहिए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि प्रशासन और नागरिक संगठनों के बीच बेहतर संवाद की आवश्यकता है, जिससे किसी प्रकार की गलतफहमी या असंतोष की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने उम्मीद जताई कि सकारात्मक समन्वय के माध्यम से व्यावहारिक समाधान निकाला जा सकता है।

सांसद अतुल गर्ग ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर विषय का समाधान निकालने का आश्वासन दिया। उन्होंने मयंक गोयल से संपर्क करने का सुझाव भी दिया तथा भरोसा दिलाया कि गृहकर में राहत दिलाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। कोरवा-यूपी ने सांसद के आश्वासन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि शीघ्र ही ऐसा निर्णय सामने आएगा जिससे शहरवासियों को राहत मिलेगी और सकारात्मक माहौल बनेगा।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको बता रहा हूं अंदर की बात? महान मंत्री वाले मैटर में मिस्टर गागर, मिस्टर कुश, मिस्टर बॉबी और किसी चौथे चेहरे का नाम गुंजन कर रहा है साहब? बस यहां पर अटकी हुई है ऐज फैक्टर की तलवार? सुना है अगर उसको कर दिया एप्लाई? तो इन चारों में से एक नाम हो जायेगा बाहर? सुना है आधार कार्ड से काम नहीं चलना? दसवीं की मार्कशीट का होगा आधार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वैसे तो ठाकुर फैक्टर पर भी मजबूत चल रहा है नाम? यहां पर संगठन में मजबूती से है सिसौदिया जी का भी पैगाम? मगर डालने वालों ने डाल दिया है यहां पर हापुड़ वाला फैक्टर? करा रहे हैं वो इतिहास को याद? कह रहे हैं उस चेहरे को क्यों कोई गाजियाबाद की टीम में लेगा? जिसने लड़ा था हापुड़ से चुनाव? कहने वाले ने कहा वैसे हमको नहीं नजर आ रहा इस बात में दम? वो भले ही हापुड़ को लेकर चर्चाओं में हों? मगर उनका घर तो गाजियाबाद में ही है ना सनम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कमान्डर के होली मिलन कार्यक्रम में हमने एक चीज तो बारीकी से देखी यार? कार्यक्रम की एंट्री से लेकर अंदर तक भगवा कमान्डर ने खूब किया हुआ था सांसद अतुल गर्ग का प्रचार? हर एक कटआउट पर हो रहे थे गर्ग साहब के दीदार? कहने वाले ने कहा कमान्डर ने सीधा साफ और स्पष्ट संदेश दे दिया? हमको है सिर्फ आपसे मतलब? बाकी जमाने का हम क्या करेंगे यार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महान मंत्री ने तलाश लिया है कौन कितना बुजुर्ग है और किसमें है कितना बचपन? उन्होंने ओबीसी चेहरे की ओर ईशारा करके कहा? इनका मामला हो चुका है अब तक 56? ये बात हम आपको बता रहे हैं ताजा? 50 पूरे कर चुका है ये राजा? अगर बहुत ज्यादा घटायें इनके उम्र के हालात? शर्त लगाकर कहता हूं, 52 से नीचे का मामला इनका नहीं आयेगा साहब? कम में ज्यादा समझो तो मानों इनका खेल हो गया है खल्लास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** दो बड़े फैसलों ने करा तो दिया है एक बात का अहसास? जनता हार रही है और जीत रहे हैं बिल्डर साहब? हम बैठे थे मित्तल जी के पास? उन्होंने कराया इस बात का अहसास? कहा जिस मैटर में मिलनी चाहिए थी जनता को राहत? वो मैटर हो गया जनता के खिलाफ? कुछ ऐसा ही हुआ नदिया पार में यार? वहां भी बिल्डर जीत गया? फैसला फिर जनता के नहीं आया काम? अब आप मामले की गहराई को समझो? यहां कुछ तो घट रहा है श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बैठा था शाम को और कर रहा था पूरे रविवार का दिन याद? शहर में हुए दो बड़े प्रोग्राम? उससे पता चला दूरियों का अहसास? एक प्रोग्राम में नहीं गये मिस्टर गोयल? दूसरे में नहीं गये गर्ग साहब? एक में बिखर रहे थे जबरदस्त रंग? एक में हो रहा था फूलों की खुशबू का अहसास? अब आपको इतने में जितना समझना है उतना समझ जाओ? अब हम घर तक तो छोड़कर नहीं आ सकते जनाब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जबसे आया है हाउस टैक्स वाला ऑर्डर पूर्व वालों के खिलाफ? तबसे हम देख रहे हैं भगवा जय और वीरू में एक करंट दौड़ गया है साहब? सुना है उन्होंने हाउस टैक्स के खिलाफ तो ऊंची कर दी है अपनी आवाज? वहीं पता चला है उन्होंने एक ओर लिस्ट पर काम करना शुरू कर दिया है? जिसकी चर्चा वो हैवी वेट वालों के सामने कर रहे थे बेहिसाब? कह रहे थे हमारे पास है विपक्ष वाले मैम्बरों की पूरी लिस्ट? उनके वार्डों में कराये जा रहे हैं एतिहासिक काम? बस इसी बात ने किया हुआ है हम भगवा वालों को बदनाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वो पूरे मान से रखते हैं वाल्मिकी पार्क के शहंशाह मिस्टर चौहान का ध्यान? वैसे ही बैठे बैठे उन्होंने पूछ लिया उनसे उम्र का हिसाब? यहां पर चौहान ने भी ऐज बताने में नहीं की कोई चूक? दे दिया खुद के 53 होने का प्रूफ? ये सुनकर आ गयी पूरे मान से उनके चेहरे पर मुस्कुराहट? वो बोले अपनी गाड़ी का स्टेयरिंग अब कहीं ओर मोड़ दो? महानगर की टीम में आने वाले ईरादों को छोड़ दो? चौहान बोले भले ही कितनी अनदेखी हो हमारी? हमारा दिल आज भी पार्टी के लिए मुलायम है? हम उम्मीद को बाकी रखेंगे? क्योंकि उम्मीद पर दुनिया कायम है?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्यों इतना हंगामा बरप रहे हो साहब? योद्धा की टीम में 40 परसेंट रखे जायेंगे पुराने वाली टीम के भी चेहरे? इसलिए मत करो इतना विलाप? कहने वाले ने कहा यहां पर हम आपको बता रहे हैं एक और बात? पुरानी टीम के चेहरों में 50 वाली ऐज का फैक्टर काम नहीं करेगा साहब? इस टीम के चेहरों का हो सकता है प्रमोशन? इसलिए 50 वाला अंदर ना लायें ये सब इमोशन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** विधायक जी ने पूरी पहलवानी से दे दिया है दोस्ती का पैगाम? साथ ही उन्होंने रखा है येड़ा बनकर पेड़ा खाने वाले का भी ध्यान? उन्होंने त्यागी जी की चोटी पर भी फैहरा दिया है झंडा? सुना है गर्ग साहब का भी है यही वाला फंडा? कहने वाले ने कहा बस यहां पर ऐज फैक्टर मामला कर सकता है किसी का गेम खराब? बाकी दोनों ने अपना फर्ज पूरी शिद्दत से निभाया है साहब?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## संपादकीय


# मध्यपूर्व में बढ़ता तनाव

अमेरिका ने ईरान पर एपिक फ्यूरी और इजरायल ने आपरेशन रोरिंग लाइन के तहत हमले करके अपने इरादे को स्पष्ट कर दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो टूक कहा है कि ईरान पर हमले का उद्देश्य सत्ता परिवर्तन है। उन्होंने ईरान की जनता को सलाह दी है कि अमेरिकी सेना देश पर हमले करके मौजूदा सरकार पर दबाव बनाए तो इसका फायदा उठाकर वे अपनी सरकार बना लें। राष्ट्रपति ट्रंप ने तो यह भी कह दिया कि अमेरिकी फौज एक बहुत बड़ा और लगातार चलने वाला आपरेशन कर रही है। दरअसल अमेरिकी फौज ईरान के परमाणु केंद्रों, यूरेनियम संवर्धन केंद्रों और उसके बुनियादी केंद्रों को पूरी तरह तबाह करना चाहता है ताकि ईरान परमाणु कार्पाम चलाने में पूरी तरह असमर्थ हो जाए। सच तो यह है कि अमेरिका और इजरायल दोनों ही ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल से परेशान हैं। इन दोनों को लगता है कि ईरान का बैलिस्टिक मिसाइल बेहद खतरनाक है इसलिए उसके परमाणु केंद्रों को तहस-नहस करके मिट्टी में मिलाना ही उनके हित में हैं। लगता है अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हो रहे हमले का बहुत बड़ा कारण यह भी है कि जिस तरह तेहरान आए दिन फारस की खाड़ी और ऊर्जा गलियारे को बाधित करने की धमकी देता रहता है। अमेरिका और इजरायल मानते हैं कि जल डमरू मध्य और फारस की खाड़ी को पूरी तरह शांत रखा जाना जरूरी हो गया है। अमेरिका चाहता है कि यदि ईरान की नेवी को तबाह कर दिया जाए तो वह खाड़ी के देशों में तैनात अमेरिकी नेवी पर हमले की धमकी भी नहीं देता। यह सच है कि अमेरिकी नेवी बहुत पहले से कई खाड़ी के देशों में तैनात हैं। यदि ईरान ठान ले तो अमेरिकी ठिकानों को निशाना तो बना ही सकता है। अमेरिका ने इसी डर को हमेशा के लिए समाप्त करने के लिए ईरान के खिलाफ लम्बी अवधि तक युद्ध लड़ने का इरादा व्यक्त किया है। यह सच है कि ईरान हमेशा अमेरिका को इस बात की धमकी देता रहता है कि वह उसके सैनिकों पर हमला कर देगा, यही ट्रंप के लिए ईरान के खिलाफ ह्यपहले हमले' का सबसे बड़ा बहाना मिल गया है। आर्थिक मजबूरियों और भूराजनीतिक परिस्थितियों के कारण ईरान के लिए खाड़ी में मौजूद अमेरिकी फौजी ठिकानों को निशाना बनाना न तो आसान है और न ही ईरान तब तक ऐसे हमले करता जब तक कि उसे छेड़ा न जाता किन्तु राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने नागरिकों पर आसन्न खतरे से बचाव के लिए इस हमले को जरूरी बताकर उचित ठहराया है। वास्तविकता तो यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चाहते हैं कि ईरान में सत्ता परिवर्तन होना चाहिए। उन्हें ईरान में मौलाना राज खत्म करना है, इसके लिए वे हर तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। कहने को तो 57 मुस्लिम देश हैं किन्तु वे सभी या तो अमेरिका के खिलाफ कुछ भी बोलने या करने का साहस नहीं रखते या फिर बयानवीर की भूमिका निभाकर चुप्पी साथ लेते हैं। ऐसे वक्त में संयुक्त राष्ट्र की निपियता बहुत खलती है। स्थाई सदस्यों की वीटो पावर की वजह से पंगु बनी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जिन उद्देश्यों से बनी है।

# ईरान संकट से तेल बाजार में हलचल

## भारत पर महंगाई का दबाव बढ़ने की आशंका

**नई दिल्ली।** ईरान संकट के चलते भारत में तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल देश की तेल आपूर्ति सुरक्षित है, लेकिन ब्रेंट क्रूड की बढ़ती कीमतें और बढ़े हुए परिवहन एवं बीमा खर्चों से महंगाई और मैक्रोइकोनॉमिक दबाव बढ़ सकता है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान संकट के बीच विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि भारत को तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और व्यापक मैक्रोइकोनॉमिक प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, देश की तेल आपूर्ति श्रृंखला पर फिलहाल कोई संरचनात्मक खतरा नहीं है।



विशेषज्ञों के अनुसार, हॉर्मुज जलसंधि से होकर भारत का महत्वपूर्ण हिस्सा कच्चा तेल और एलएनजी आता है। इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने से ब्रेंट क्रूड की कीमतें सात महीने के उच्चतम स्तर, लगभग 73 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भूराजनीतिक जोखिम और महंगाई पर दबाव बढ़ा है।

कंपोडिटी मार्केट एनालिस्ट कंपनी केप्लर के सुमित रितोलिया ने कहा कि प्रारंभिक असर कीमतों पर केंद्रित होगा, आपूर्ति पर फिलहाल दबाव नहीं है। उच्च ब्रेंट कीमतें, बढ़ी हुई फ्रेट दरें और युद्ध जोखिम बीमा लागत भारत के इंपोर्ट बिल को प्रभावित कर सकती हैं। इन्वेस्टमेंट इंफॉर्मेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ऑफ इंडिया लिमिटेड (आईसीआरए) की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया में हालात भारत के ट्विन डेफिसिट, महंगाई और विदेशी धन प्रवाह पर असर डाल सकते हैं। प्रशांत वसिष्ठ, आईसीआरए के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि कई तेल उत्पादकों पर हमले से क्रूड तेल की अस्थिरता बढ़ सकती है।

### हॉर्मुज जलसंधि का महत्व

लगभग 20% वैश्विक पेट्रोलियम और छठऋशिपमेंट हॉर्मुज जलसंधि के माध्यम से गुजरते हैं, जो इसे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण मार्ग बनाता है। भारत के तेल आयात का करीब 50% हिस्सा इराक, सऊदी अरब, वएआ और कुवैत जैसे देशों से आता है। अगर क्षेत्रीय तनाव बढ़ता है या संघर्ष गहरा होता है, तो इस मार्ग से होने वाली तेल शिपमेंट पर असर पड़ सकता है, जिससे भारत समेत वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता और कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है।

### भारत की तैयारी और विकल्प

भारत ने तेल आपूर्ति के लिए रूस, अमेरिका, पश्चिम अफ्रीका और लैटिन अमेरिका से विविध स्रोत विकसित किए हैं। हालांकि, रूस और अन्य विकल्पों से तेल की आपूर्ति संभव है, लेकिन इन मार्गों पर यात्रा लंबी और लागत अधिक है। देश के स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व और रिफाइनरी स्टॉक्स अस्थायी आपूर्ति व्यवधान को संभालने में सक्षम हैं, जिससे ईंधन की उपलब्धता बनी रहती है। घरेलू स्तर पर ईंधन की कीमतों में तुरंत बढ़ोतरी की संभावना कम है, क्योंकि मूल्य समायोजन आमतौर पर लंबे समय तक मजबूत क्रूड कीमतों पर निर्भर करता है।

# यूपीआई ट्रांजेक्शन 20.39 अरब पार

## फरवरी में 27% की सालाना बढ़त

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ट्रांजेक्शन की संख्या फरवरी में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 20.39 अरब हो गई है। इस दौरान यूपीआई ट्रांजैक्शन की वैल्यू सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 26.84 लाख करोड़ रुपए हो गई है। यह जानकारी नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की ओर से जारी डेटा में दी गई। एनपीसीआई डेटा के मुताबिक, फरवरी में औसत 95,865 करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ है और जनवरी में यह आंकड़ा 91,403 करोड़ रुपए पर था। फरवरी में प्रतिदिन औसत 728 मिलियन ट्रांजेक्शन हुए हैं, जनवरी में यह आंकड़ा 700 मिलियन था।




जनवरी में, यूपीआई के लेनदेन की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 21.70 अरब तक पहुंच गई थी। इसके साथ ही लेनदेन की वैल्यू में भी 21 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई और 28.33 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई।

वहीं दूसरी ओर, फरवरी में आईएमपीएस का मासिक वॉल्यूम 336 मिलियन रहा, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 6.42 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। प्रतिदिन औसतन 12 मिलियन लेनदेन दर्ज किए गए। आंकड़ों के अनुसार, फास्टैग का मासिक लेनदेन 350 मिलियन रहा, जिसकी वैल्यू 6,925 करोड़ रुपए थी।

# कार्नी बोले- 2030 तक व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भारत के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य 2030 तक व्यापार को दोगुना करना है। दोनों देशों के बीच मौजूदा कारोबार 7.8 अरब डॉलर है। समझौते पर इस साल के अंत तक हस्ताक्षर की उम्मीद है।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि उनका देश भारत के साथ एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर बातचीत कर रहा है, जिसका उद्देश्य 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करना है। अभी दोनों देशों के बीच 7.8 अरब डॉलर का कारोबार है। कार्नी ने कनाडा-भारत फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि इस समझौते पर इस साल के अंत तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। कनाडा के प्रधानमंत्री चार दिवसीय भारत दौरे पर हैं।



कार्नी ने कहा कि यह हमारे दोनों देशों के लिए एक बहुत बड़ा मौका है, लेकिन यह एक ऐसा अवसर है जो अगले स्तर पर पहुंचने वाला है। हमें और भी ऊंचे लक्ष्य रखने चाहिए और हम ऐसा कर रहे हैं और अपनी साझेदारी में और अधिक रणनीतिक होना चाहिए। इसीलिए, पिछले साल मेरे चुनाव के तुरंत बाद, हमारी सरकार ने भारत के साथ अपने संबंधों को नवीनीकृत करने का प्रयास किया।

हम बन सकते हैं भारत के रणनीतिक भागीदार : कार्नी ने कहा कि हम भारत के विनिर्माण, स्वच्छ प्रौद्योगिकी और परमाणु उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण खनिजों और धातुओं में रणनीतिक भागीदार भी बन सकते हैं। दूसरे पहलू में, भारत 2040 तक स्वच्छ ऊर्जा से हमारे ग्रिड को दोगुना करने में हमारी मदद कर सकता है।

### जी7 शिखर सम्मेलन में भारत की भूमिका का किया जिक्र

कार्नी ने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री मोदी को कनाडा में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया था। कुछ सप्ताह बाद जब वे आए, तो हमने सुरक्षा, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पुनः सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की। कुछ महीनों बाद, जोहान्सबर्ग में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में, प्रधानमंत्री मोदी और मैंने ऑस्ट्रेलिया के साथ महत्वपूर्ण खनिजों और प्रौद्योगिकी पर एक ऐतिहासिक साझेदारी की शुरूआत की। उन्होंने आगे कहा कि इस यात्रा के दौरान, कनाडा उन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जहां वह अपने लोगों के लिए अधिक संप्रभुता, अधिक विकल्प और अधिक समृद्धि सृजित करने के लिए मिलकर काम कर सकता है।

# सेंसेक्स गिरावट का असर: शीर्ष कंपनियों के मार्केट कैप में भारी कमी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,18,902.09 करोड़ की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में भारती एयरटेल रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,527.52 अंक या 1.84 प्रतिशत नीचे आया। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 55,852.12 करोड़ रुपये घटकर 10,71,853.25 करोड़ रुपये रह गया।



एचडीएफसी बैंक के मूल्यांकन में 37,580.1 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 13,65,659.38 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत34,846.12 करोड़ रुपये घटकर 18,86,832.66 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 20,316.41 करोड़ रुपये घटकर 6,20,070.59 करोड़ रुपये पर आ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 18,180.89 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 9,53,872.59 करोड़ रुपये रहा। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत 14,990.24 करोड़ घटकर 5,37,213.68 करोड़ रह गई। लार्सन एंड टुब्रो का बाजार पूंजीकरण13,714.85 करोड़ घटकर 5,88,837.39 करोड़ रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 13,061.33 करोड़ घटकर11,09,520.23 करोड़ रुपये पर आ गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 10,360.03 करोड़ घटकर 9,86,986.64 करोड़ पर आ गया। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 5,462.81 करोड़ रुपये बढ़कर 5,49,393.18 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, एसबीआई, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# 'रूस के साथ रिश्ते पर नहीं होगा असर' अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बोले रक्षा सचिव

**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते से भारत-रूस के रक्षा संबंध प्रभावित नहीं होंगे। भारत बहु-स्रोत रक्षा खरीद और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देगा। जरूरत पड़ने पर फ्रांस, अमेरिका समेत अन्य देशों से भी रक्षा उपकरण खरीदता रहेगा, राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते का भारत और रूस के बीच रक्षा सहयोग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अपनी सामरिक जरूरतों के आधार पर बहु-स्रोत रक्षा खरीद की नीति जारी रखेगा और साथ ही स्वदेशी रक्षा उत्पादन को और गति देगा। एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में सिंह ने कहा,



अमेरिका के साथ व्यापार समझौता हमारे रूस के साथ रक्षा संबंधों में बाधा नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी परिचालन आवश्यकताओं के अनुसार रूस से खरीद जारी रखेगा और जरूरत पड़ने पर फ्रांस, अमेरिका सहित अन्य देशों से भी रक्षा उपकरण लेगा। उनके अनुसार, भारत की नीति संतुलित और व्यावहारिक है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत कर रही सरकार- सिंह सिंह ने जोर देकर कहा कि सरकार रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को और मजबूत करना चाहती है। हम स्वदेशीकरण पर दोगुना जोर देंगे। उन्होंने कहा, हाल के वर्षों में भारत ने घरेलू रक्षा उत्पादन क्षमता बढ़ाने और आयात पर निर्भरता घटाने के लिए कई पहल की हैं। उल्लेखनीय है कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के तहत दोनों देशों ने शुल्क बाधाओं को कम करने पर सहमति जताई है।

### अमेरिका से भारत अगले पांच साल में 500 अरब डॉलर का सामान खरीदेगा

इसके अलावा, भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर तक की ऊर्जा, विमान, प्रौद्योगिकी और कोकिंग कोयले की खरीद की मंशा जताई है। अमेरिका ने मसाले, चाय, कॉफी, आम, अंगूर और काजू जैसे भारतीय कृषि उत्पादों को शुल्क मुक्त पहुंच देने पर भी सहमति दी है। इससे भारतीय कृषि निर्यात को बढ़ावा मिल सकता है। रक्षा सचिव के बयान से संकेत मिलता है कि भारत रणनीतिक रूप से संतुलित विदेश और रक्षा नीति को बनाए रखते हुए अपने आर्थिक और सुरक्षा हितों को साथ लेकर आगे बढ़ेगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- माउंट एवरेस्ट पर इसके बारे में 200 मृत शरीर हैं, जो अब शीर्ष के रास्ते पर मौजूद हैं।
- माउंट एवरेस्ट न केवल पर्वतारोहियों की लाशों से बनी है, लेकिन अनुमानित 50 टन कचरा, यह दुनिया का सबसे गन्दा पर्वत बना रहा है। ऐतिहासिक रूप से, हर 100 पर्वतारोहियों के लिए जिन्होंने इसे माउंट एवरेस्ट के शिखर तक अपनी पहुँच बनायीं है, 4 की मृत्यु हो गई है।
- माउंट एवरेस्ट पर चढ़ते हुए 65,000 अमेरिकी डॉलर का खर्च आता है।
- माउंट एवरेस्ट के शीर्ष पर पानी का उबलते बिंदु 71 डिग्री सेल्सियस (160F) है।
- माउंट एवरेस्ट प्रत्येक वर्ष 0.1576 इंच (4 मिमी) बढ़ता है।
- माउंट एवरेस्ट तक मार्ग पर उच्च गति वाला इंटरनेट है।
- नेपाल में 2015 भूकंप के कारण माउंट एवरेस्ट ने एक इंच (2.5 सेमी) सिकुड़ गया है।
- माउंट एवरेस्ट को 'ईव-रेस्ट' कहा जाता है, 'एवर-एस्ट' नहीं, जैसा कि इसका नाम जॉर्ज एवरेस्ट के नाम पर है।

## राशिफल

**मेष:** आज वाहन सुख का विस्तार होगा। पूर्व निर्धारित कार्यों में सफल रहेंगे। भविष्य की चिंता सताएगी। जीवनसाथी के साथ छोटा विवाद होने की संभावना है।

**वृष:** नौकरी और व्यवसाय के लिए अच्छा समय है। उपलब्धियों के अनुसार उचित परितोष प्राप्त हो सकता है। आर्थिक मामलों में वृद्धि के मजबूत संकेत हैं।

**मिथुन:** जिंदगी में होने वाला बदलाव फेवर में रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए भी आज का दिन फेवरेबल रहेगा। आप किसी नये कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं।

**कर्क:** आज सम्बंधो में कुछ उतार-चढ़ाव की स्थिति है। व्यापार में नई संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं। जहां तक संभव हो, फालतू की यात्रा कम करें।

**सिंह:** आज आप में से कुछ कई क्षेत्रों में सकारात्मक विकास देखेंगे। महत्वाकांक्षी उपक्रमों में निवेश करके आप अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**कन्या:** आज किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी।

**तुला:** तुला राशि को मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। भौतिक सुखद यात्रा की भी संभावना है।

**वृश्चिक:** प्रेमियों के लिए समय अनुकूल है। जो लोग प्रेम विवाह की प्रतीक्षा में थे, उनकी भी मुराद पूरी होने वाली है। संतान को स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो सकती है।

**धनु:** अपने माता-पिता के साथ शॉपिंग के लिए जायेंगे। अच्छा डिस्काउंट मिल सकता है। इस राशि के जो लोग पर्यटन से जुड़े हैं, उनकी आय में बढ़ोतरी हो सकती है।

**मकर:** अपने परिवार की भावनाओं को समझकर गुस्से पर काबू रखें। दफ्तर में आप तारीफ पाएंगे। वाहन चलाते वक्त आपको सावधानी बरतनी आवश्यक रहेगी।

**कुंभ:** अपना काम बहुत सलीके से करेंगे। व्यावसायिक योग्यता विकसित होगी। नए उद्यम में सफलता मिलेगी। बौद्धिक क्षमता के कारण प्रचुर सम्मान प्राप्त करेंगे।

**मीन:** कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करेंगे। आपको किसी सामाजिक कार्य में शामिल होने का मौका मिल सकता है। मेहनत से काम में आपको सफलता मिलेगी।

## चुटकुले

एक बार बंता को जोर-जोर से रोता हुआ
देख संता ने उस से पूछा;
संता- तुम क्यों रो रहे हो?
बंता- मेरे पड़ोसी रामू का हाथी मर गया है!
संता- तो तुम क्यों रो रहे हो, क्या तुम उस हाथी से
बहुत प्यार करते थे?
बंता- नहीं!
संता- तो फिर तुम क्यों रो रहे हो?
बंता- मुझे उसकी कब्र खोदने का काम मिला है!

---

मोनू- डॉक्टर साहब 2 साल पहले मुझे बुखार आया
था तो आपने नहाने के लिये मना किया था !!!
डॉक्टर- तो अब क्या?
मोनू- आज इधर से गुजर रहा था तो सोचा कि पूछता
चलू ..अब नहा लूं क्या ?

---

संता- अगर तुम्हें गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
बंता- मैं कूलर के पास जाकर बैठ जाता हूं।
संता- अगर फिर भी गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
बंता- तो फिर मैं कूलर चालू कर लेता हूं!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

02 03 2026 करंट क्राइम

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

## आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन


टाइगर श्रॉफ (अभिनेता)


ध्रुव शर्मा


लक्ष्य राघव


सुनीता भाटिया


चम्पा माहौर


नंदकिशोर गुर्जर (विधायक लोनी)


अनुपम भारद्वाज


राजेंद्र सिंह चौहान


अविनाश शर्मा


अरूण बंसल


रिंकू सैनी


विनीत गोयल



राजेश सोनी


शुभम मंगला


मनी भूषण कुशवाह


सूबे सिंह नागर


वीरपाल सुरेनिया


संजीव सैन

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com





# टीम इंडिया ने हीली को क्यों दिया 'गार्ड ऑफ ऑनर'
## अपने आखिरी ओडीआई में खेली 158 रन की ऐतिहासिक पारी





**होबार्ट।** एलिसा हीली ने अपने अंतिम वनडे में 98 गेंदों पर 158 रन की धमाकेदार पारी खेली। भारतीय टीम ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। 16 साल के करियर में हीली ने अब तक 7000 से ज्यादा रन और विकेटकीपर के तौर पर 269 शिकार किए। भारत के खिलाफ टेस्ट उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा।

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने अपने अंतिम वनडे मुकाबले को यादगार बना दिया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होबार्ट के बेलेरीव ओवल में जारी तीसरे और सीरीज के आखिरी वनडे में जब वह बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरीं, तो भारतीय महिला टीम ने उन्हें ह्लगार्ड ऑफ ऑनरह्ल देकर सम्मानित किया। ब्लू जर्सी में खड़ी भारतीय खिलाड़ियों की कतार के बीच से गुजरते हुए हीली का स्वागत तालियों की गड़गड़ाहट से हुआ। यह पल दशार्ता है कि मैदान पर कड़ी प्रतिद्वंद्विता के बावजूद खिलाड़ियों के बीच सम्मान सर्वोपरि होता है।

**79 गेंदों में शतक, 98 गेंद में 158 रन:** 35 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने अपने करियर के अंतिम वनडे में 79 गेंदों पर शतक जड़ा। यह उनका आठवां वनडे शतक और भारत के खिलाफ तीसरा सैकड़ा था। इसके बाद उन्होंने और तेजी दिखाई और 98 गेंदों में 158 रन ठोक डाले, जिसमें 27 चौके और दो छक्के शामिल रहे। उनकी यह पारी वनडे करियर का दूसरा सर्वोच्च स्कोर रहा।

गेंद हाई फुलटॉस थी, जिस पर उन्होंने रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश की, लेकिन चूक गईं। अंपायरों ने इसे वैध डिलीवरी माना। आउट होने के बाद पूरा स्टेडियम खड़ा हो गया और हीली को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। यह एक 'मास्टरक्लास' का भावुक अंत था।

**16 साल का शानदार करियर**

2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाली हीली ने 16 वर्षों तक ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 10 टेस्ट में 489 रन, 123 वनडे में 3619 रन और 162 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 3054 रन बनाए। वह महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे सफल विकेटकीपर भी रहीं।

### भारतीय टीम का सम्मान

भारतीय महिला क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया पर इस सम्मान की तस्वीरें साझा कीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर, जिनकी हीली के साथ वर्षों से प्रतिस्पर्धा रही है, ने भी उन्हें हाथ मिलाकर शुभकामनाएं दीं। बीसीसीआई महिला ने लिखा, 'टीम इंडिया ने खेल शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली को उनके अंतिम वनडे मैच पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया।'

# गुकेश को प्राग शतरंज में पहली जीत का इंतजार, नवारा ने बराबरी पर रोका



**नई दिल्ली।** विश्व शतरंज चैंपियन और भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को प्राग अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में अब भी पहली जीत का इंतजार हैं। गुकेश को चौथे दौर में चेक गणराज्य के डेविड नवारा ने ड्रॉ पर रोका।

विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश का पहली जीत का इंतजार जारी रहा जब उन्हें प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के चौथे दौर में चेक गणराज्य के डेविड नवारा ने बराबरी पर रोक दिया। नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव को हराकर चार मैच में तीसरी जीत के साथ बढ़त बना ली है। लेकिन गत चैंपियन भारत के अरविंद चिदंबरम को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

10 खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता की दो अन्य बाजियां ड्रॉ रहीं जो अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन और ईरान के परहम माघसूदलू तथा स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच खेली गईं। प्रतियोगिता में अब जब पांच दौर का खेल बाकी है तब वान फोरेस्ट तीन अंक के साथ शीर्ष पर हैं। अब्दुसत्तोरोव और नवारा के ढाई अंक हैं, जबकि उनसे आधा अंक पीछे याकुबोएव, केमर और गुइजारो हैं। चिदंबरम, गुकेश, नीमैन और माघसूदलू के डेढ़ अंक हैं। इस बीच चैलेंजर वर्ग में विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख ने शीर्ष पर चल रही चेक गणराज्य की वेनक्लाव फिनेक को बराबरी पर रोका, जबकि सूर्य शेखर गांगुली ने मेजबान देश के स्टीफन हर्बेक से ड्रॉ खेला।

# टी-20 विश्वकप से बाहर होने के बाद श्रीलंका के कोच सनथ जयसूर्या देंगे इस्तीफा, कैसा रहा कार्यकाल





**पल्लेकेले।** श्रीलंका का टी20 विश्व कप 2026 में सफर समाप्त हो चुका है। टीम के मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। उनका अनुबंध इस साल जून में खत्म हो रहा है।

टी20 विश्व कप 2026 की सह-मेजबान श्रीलंका का सफर समाप्त हो गया। आखिरी मुकाबले में उसे पाकिस्तान ने पांच रन से हरा दिया। हालांकि, इस जीत से पाकिस्तान को कुछ खास लाभ नहीं हुआ और वह भी बाहर ही हो गई। अब श्रीलंका टीम के मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने अपने पद से इस्तीफा देने का एलान किया है।

**इस साल जून में खत्म हो रहा जयसूर्या का अनुबंध**

श्रीलंका पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच सनथ जयसूर्या अपने पद से इस्तीफा देंगे। हालांकि, उन्होंने इस बारे में क्रिकेट श्रीलंका (एसएलसी) को कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी है। टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ करीबी हार के साथ श्रीलंका के अभियान के समाप्त होने के बाद पोस्ट-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयसूर्या ने बताया कि उनका मूल अनुबंध जून 2026 तक था।

उन्होंने कहा, 'मेरा अनुबंध जून में खत्म हो रहा है, लेकिन मैं उससे पहले चला जाऊंगा। मैं श्रीलंका क्रिकेट से बात करके अपना पद छोड़ने का फैसला करूंगा।' संभावना है कि वह 13 मार्च से शारजाह में शुरू हो रही अफगानिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 और वनडे सीरीज तक टीम के साथ बने रह सकते हैं। जयसूर्या के कार्यकाल का अंतिम वर्ष निराशाजनक रहा। घरेलू टी20 विश्व कप में श्रीलंका को लगातार चार हार का सामना करना पड़ा और टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

2025 एशिया कप में भी टीम का प्रदर्शन साधारण रहा, जबकि पिछले साल पाकिस्तान में आयोजित टी20आई त्रिकोणीय सीरीज में भी टीम उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी।

टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड ने भी श्रीलंका को टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। बता दें कि, जयसूर्या इससे पहले दो अलग-अलग कार्यकाल में श्रीलंका के मुख्य चयनकर्ता के रूप में भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

# अबू धाबी में पाकिस्तान-इंग्लैंड के बीच मुकाबला क्यों हुआ रद्द
## घर लौटना चाहती है इंग्लिश टीम







**नई दिल्ली।** पाकिस्तान शाहीन्स और इंग्लैंड लायंस के बीच खेला जाने वाला दूसरा वनडे मैच रद्द हो गया। अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के बीच इस मैच को बिना खेले रद्द कर दिया गया।

पाकिस्तान शाहीन्स और इंग्लैंड लायंस के बीच खेला जाने वाला दूसरा वनडे मैच रद्द हो गया है। यह मुकाबला रविवार को अबू धाबी के जैद क्रिकेट स्टेडियम पर खेला जाना था। हालांकि, अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के बीच इस मैच को बिना खेले रद्द कर दिया गया।

**बिना खेले रद्द हुआ मुकाबला**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारी के हवाले से बताया कि मुकाबला आज खेला जाना था, लेकिन हालिया घटनाक्रमों को देखते हुए उसे रद्द कर दिया गया। सभी खिलाड़ियों और टीम के अधिकारियों को होटल के भीतर रहने का निर्देश दिया गया है। यह फैसला अबू धाबी में बिगड़ते हालात को देखते हुए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की सलाह के बाद लिया गया।

**ईसीबी-पीसीबी एक-दूसरे के संपर्क में**

अधिकारी ने कहा, 'कोई अभ्यास सत्र भी नहीं होगा और टीम को घर के अंदर रहने की सलाह दी गई है।' उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों और सहयोगी कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। दोनों क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी व ईसीबी) एक-दूसरे के साथ संपर्क में है और स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। मिडिल ईस्ट एयरस्पेस के फिर से खुलने के बाद बोर्ड सीरीज के भविष्य पर फैसला करेगा, जिसमें यह भी शामिल है कि शाहीन स्क्वॉड को वापस पाकिस्तान लाया जाए या सुरक्षा के आधार पर बाकी मैच जारी रखे जाएं।

**जॉनी बेयरस्टो ने लगाई मदद की गुहार**

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव का असर अब खेल जगत पर भी दिखने लगा है। अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद खाड़ी क्षेत्र के हवाई क्षेत्र में अस्थिरता पैदा हो गई, जिसके चलते कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस ने अपनी उड़ानें रद्द कर दीं या उनके रूट बदल दिए। इसी उथल-पुथल के बीच इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो अबू धाबी में फंस गए हैं। इंग्लैंड लायंस टीम के साथ बतौर कोच अबू धाबी आए जॉनी बेयरस्टो ने मदद की गुहार लगाई है। शनिवार शाम इंग्लैंड के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने ईरान पर अपना बयान पोस्ट किया था। इसका जवाब बेयरस्टो ने रविवार सुबह दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'क्या आप हमें घर पहुंचा सकते हैं?'

बेयरस्टो ने अपनी फ्लाइट कैंसिल होने की वजह से निराशा जाहिर की। उन्होंने कहा कि मौजूद चैनलों से संपर्क करने की कोशिशों का कोई जवाब नहीं मिला। एमिरेट्स को टैग करते हुए उन्होंने लिखा, 'फ्लाइट कैंसिल होने के बाद हमसे कोई बातचीत नहीं हुई है। बातचीत के तरीके आजमाए, लेकिन कुछ नहीं हुआ। क्या कोई कृप्या संपर्क कर सकता है?'

**ईसीबी का बयान**

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने एक बयान में कहा, 'हमारी टीमों और स्टाफ की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हम मिडिल ईस्ट में अभी हो रही घटनाओं के बारे में सुरक्षा विशेषज्ञों और सरकार के संपर्क में हैं, और आधिकारिक सलाह मान रहे हैं। अबू धाबी में इंग्लैंड मेन्स लायंस और पाकिस्तान शाहीन्स के बीच दूसरा 50 ओवर का मैच अब नहीं होगा। हम अगले सप्ताह अबू धाबी की इंग्लैंड विमेंस टीम के प्रस्तावित दौरे के लिए निकलने में देरी कर रहे हैं।

# अबू धाबी में फंसे इंग्लिश क्रिकेटर जॉनी बेयरस्टो ब्रिटेन के प्रधानमंत्री से मदद की गुहार लगाई



**दुबई।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और उड़ानों के रद्द होने के कारण इंग्लैंड के क्रिकेटर जॉनी बेयरस्टो अबू धाबी में फंस गए हैं। इंग्लैंड लायंस टीम के साथ कोच के रूप में गए बेयरस्टो ने सुरक्षित वापसी के लिए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री से मदद की अपील की है।

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव का असर अब खेल जगत पर भी दिखने लगा है। अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद खाड़ी क्षेत्र के हवाई क्षेत्र में अस्थिरता पैदा हो गई, जिसके चलते कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस ने अपनी उड़ानें रद्द कर दीं या उनके रूट बदल दिए। इसी उथल-पुथल के बीच इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो अबू धाबी में फंस गए हैं।

इंग्लैंड लायंस टीम के साथ बतौर कोच अबू धाबी आए जॉनी बेयरस्टो ने मदद की गुहार लगाई है। शनिवार शाम इंग्लैंड के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने ईरान पर अपना बयान पोस्ट किया था। इसका जवाब बेयरस्टो ने रविवार सुबह दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'क्या आप हमें घर पहुंचा सकते हैं?'

बेयरस्टो ने अपनी फ्लाइट कैंसिल होने की वजह से निराशा जाहिर की। उन्होंने कहा कि मौजूद चैनलों से संपर्क करने की कोशिशों का कोई जवाब नहीं मिला। एमिरेट्स को टैग करते हुए उन्होंने लिखा, 'फ्लाइट कैंसिल होने के बाद हमसे कोई बातचीत नहीं हुई है। बातचीत के तरीके आजमाए, लेकिन कुछ नहीं हुआ। क्या कोई कृप्या संपर्क कर सकता है?'

रविवार को अबू धाबी में पाकिस्तान शाहीन्स के खिलाफ इंग्लैंड लायंस का दूसरा 50 ओवर का गेम स्थगित कर दिया गया, जबकि यूएई में इंग्लैंड विमेंस ट्रेनिंग कैंप में इलाके में मिलिट्री हमलों की वजह से देरी हो गई है।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने एक बयान में कहा, 'हमारी टीमों और स्टाफ की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हम मिडिल ईस्ट में अभी हो रही घटनाओं के बारे में सुरक्षा विशेषज्ञों और सरकार के संपर्क में हैं, और आधिकारिक सलाह मान रहे हैं। अबू धाबी में इंग्लैंड मेन्स लायंस और पाकिस्तान शाहीन्स के बीच दूसरा 50 ओवर का मैच अब नहीं होगा। हम अगले सप्ताह अबू धाबी की इंग्लैंड विमेंस टीम के प्रस्तावित दौरे के लिए निकलने में देरी कर रहे हैं। हम इन दौरों के भविष्य के बारे में स्थिति और आधिकारिक सलाह पर नजर रखना और उसका आकलन करना जारी रखेंगे।'

# टी-20 विश्वकप में वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ एक बार जीता भारत, 12 साल पहले हुआ था ऐसा, अब क्या होगा



**कोलकाता।** टी20 विश्व कप में भारत ने वेस्टइंडीज को अब तक चार में से सिर्फ एक मैच में हराया है। आखिरी और इकलौती जीत 2014 में मीरपुर में मिली थी। 2009, 2010 और 2016 में भारत को हार का सामना करना पड़ा। आगामी मुकाबले में इतिहास बदलने की चुनौती टीम इंडिया के सामने है।

भारत और वेस्टइंडीज के बीच आज शाम सात बजे से टी20 विश्वकप 2026 का नॉकआउट मुकाबला खेला जाएगा। सुपर-8 ग्रुप-1 के इस मैच में जो टीम हारेगी, वह विश्वकप से बाहर हो जाएगी। वहीं, जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। इस ग्रुप से दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है, जबकि ग्रुप-2 से इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की टीम सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। हालांकि, वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबलों का इतिहास टीम इंडिया के लिए ज्यादा सुखद नहीं रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक टी20 विश्वकप में चार मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें भारत को सिर्फ एक बार जीत मिली है।

2009, लॉर्ड्स में 7 विकेट से हार: 2009 टी20 विश्व कप में लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत को सात विकेट से हार झेलनी पड़ी थी। यह मुकाबला ग्रुप स्टेज में खेला गया था, जहां वेस्टइंडीज ने भारत को आसानी से मात दी। 2010, ब्रिजटाउन में करीबी मुकाबला: 2010 में बारबाडोस के केनसिंग्टन ओवल में खेले गए मैच में भारत 14 रन से हार गया। यह मुकाबला काफी प्रतिस्पर्धी रहा, लेकिन अंत में कैरिबियाई टीम ने बाजी मार ली। 2016, सेमीफाइनल में टूटा सपना: 2016 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में मुंबई के वानखेड़े में वेस्टइंडीज ने भारत को सात विकेट से हराकर फाइनल की दौड़ से बाहर कर दिया था। यह हार भारतीय फैंस के लिए बेहद दर्दनाक रही।

**2014: 12 साल पहले मिली इकलौती जीत**

भारत की एकमात्र जीत 2014 टी20 विश्व कप में बांग्लादेश के शेर-ए-बंग्ला स्टेडियम में आई थी। उस मैच में भारत ने सात विकेट से शानदार जीत दर्ज की थी। यही वह मुकाबला है, जिसे आज भी भारतीय फैंस याद करते हैं।

**क्या टीम इंडिया लेगी बदला**

आंकड़े साफ बताते हैं कि टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज भारत पर भारी रहा है। हालांकि मौजूदा टीम संतुलित नजर आती है और पिछले अनुभवों से सीख लेकर मैदान में उतर सकती है। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या टीम इंडिया इस बार 12 साल पुराना इतिहास दोहराकर वेस्टइंडीज से 2016 में मिली हार का बदला लेती है या कैरिबियाई टीम फिर से मुश्किल खड़ी करेगी।

# दुबई एयरपोर्ट के पास धमाका, पीवी सिंधू ने साझा किया खौफनाक अनुभव



**दुबई।** दुबई एयरपोर्ट के पास हुए धमाके के बाद बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू और उनकी टीम को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया। सिंधू ने इस घटना को बेहद डरावना बताया और दुबई प्रशासन व भारतीय उच्चायोग का सहयोग के लिए आभार जताया। फिलहाल सभी सुरक्षित हैं।

भारत की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू ने दुबई एयरपोर्ट के पास हुए एक धमाके को लेकर अपना भयावह अनुभव साझा किया है। क्षेत्र में ईरान से जुड़े हमलों के कारण हालात पहले से ही तनावपूर्ण थे, इसी बीच एयरपोर्ट के पास विस्फोट होने से अफरा-तफरी मच गई। सिंधू और उनकी टीम उस समय एयरपोर्ट पर फंसी हुई थी।

अचानक हुए धमाके ने वहां मौजूद सभी लोगों को हिला कर रख दिया। सिंधू ने बताया कि स्थिति हर घंटे के साथ और ज्यादा डरावनी होती जा रही है।

**कोच को भागकर बचानी पड़ी जान:** सिंधू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने अनुभव को साझा करते हुए लिखा, 'यह संकट लगातार बढ़ता जा रहा है और हर घंटे हालात और भी भयावह हो रहे हैं। कुछ घंटे पहले एयरपोर्ट पर जहां हम रुके हुए थे, उसके पास एक धमाका हुआ। मेरे कोच को तुरंत उस जगह से भागना पड़ा क्योंकि वह धुएं और मलबे के सबसे करीब थे। वह हम सभी के लिए बेहद तनावपूर्ण और डरावना पल था।' इस घटना के बाद पूरे दल में घबराहट फैल गई। हालांकि, सभी ने धैर्य बनाए रखा और सुरक्षा निर्देशों का पालन किया।

**सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया**

सिंधू ने आगे बताया कि अब सभी को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है। उन्होंने दुबई एयरपोर्ट प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों के त्वरित सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने लिखा, 'अब हम सभी सुरक्षित हैं और हमें अधिक सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है।

दुबई एयरपोर्ट स्टाफ और दुबई प्रशासन के अथक प्रयासों के लिए हम आभारी हैं। साथ ही दुबई स्थित भारतीय उच्चायोग का विशेष धन्यवाद, जिन्होंने लगातार हमारी मदद की और हमारी सुरक्षा सुनिश्चित की। फिलहाल हम आराम करने की कोशिश कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही हालात सामान्य होंगे।'

# किसके नाम सर्वाधिक रन-विकेट, किसी कैरिबियाई ने नहीं



### भारत-वेस्टइंडीज टी-20 में सर्वाधिक रन (टॉप-5)

| खिलाड़ी | मैच | रन | स्ट्राइक रेट | 100 | 50 |
|---|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 22 | 693 | 142.88 | 1 | 5 |
| निकोलस पूरन | 20 | 592 | 135.15 | 0 | 5 |
| विराट कोहली | 14 | 570 | 150.79 | 0 | 6 |
| सूर्यकुमार यादव | 12 | 408 | 164.51 | 0 | 3 |
| ऋषभ पंत | 16 | 397 | 141.28 | 0 | 3 |

### भारत-वेस्टइंडीज टी20 में सर्वाधिक विकेट (टॉप-5)

| खिलाड़ी | मैच | विकेट | औसत | इकॉनमी |
|---|---|---|---|---|
| कुलदीप यादव | 9 | 17 | 13.41 | 6.33 |
| अर्शदीप सिंह | 10 | 14 | 19.21 | 7.87 |
| भुवनेश्वर कुमार | 18 | 13 | 35.15 | 7.25 |
| ओबेड मैकॉय | 9 | 12 | 24.25 | 9.38 |
| युजवेंद्र चहल | 10 | 11 | 29.81 | 8.86 |

**कोलकाता।** भारत-वेस्टइंडीज टी20 मुकाबलों में रोहित शर्मा 693 रन के साथ शीर्ष पर हैं और सबसे ज्यादा 39 छक्के भी उनके नाम हैं। गेंदबाजी में कुलदीप यादव 17 विकेट लेकर सबसे सफल रहे हैं। आंकड़ों में भारत का दबदबा दिखता है, लेकिन सेमीफाइनल की राह के लिए यह मुकाबला निर्णायक होगा।

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में रविवार को भारत और वेस्टइंडीज आमने-सामने होंगे। मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा और टीम इंडिया के लिए यह करो या मरो जैसा मैच है। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय टीम को हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। ऐसे में दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गए टी20 मुकाबलों के आंकड़े इस मैच को और रोचक बना देते हैं।

**सर्वाधिक रन: रोहित सबसे आगे:** भारत-वेस्टइंडीज टी20 मुकाबलों में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम है। उन्होंने 22 मैचों में 693 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 142.88 का रहा है। रोहित के नाम एक शतक और पांच अर्धशतक दर्ज हैं। खास बात यह है कि सबसे ज्यादा छक्के भी रोहित (39) ने ही लगाए हैं, यानी इस फॉर्मेट में किसी कैरिबियाई बल्लेबाज ने उनसे ज्यादा छक्के नहीं जड़े। दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन हैं। उन्होंने 20 मैचों में 592 रन बनाए हैं, जिसमें पांच अर्धशतक शामिल हैं। तीसरे स्थान पर विराट कोहली हैं। कोहली ने 14 मैचों में 570 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 150 से ज्यादा का रहा है।

मौजूदा टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव चौथे नंबर पर हैं। उन्होंने 12 मैचों में 408 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 164.51 का है। पांचवें स्थान पर ऋषभ पंत हैं, जिनके नाम 397 रन दर्ज हैं।

**विकेटों में कुलदीप का दबदबा**

गेंदबाजी की बात करें तो भारत के कुलदीप यादव इस सूची में शीर्ष पर हैं। उन्होंने 9 मैचों में 17 विकेट झटके हैं और उनका औसत 13.41 का है। दूसरे नंबर पर अर्शदीप सिंह हैं, जिनके नाम 14 विकेट हैं। तीसरे स्थान पर भुवनेश्वर कुमार (13 विकेट) हैं।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
06 | सोमवार • 02 मार्च -2026







# सांसद अतुल गर्ग ने किया राजनगर होली मिलन का शुभारंभ, ब्रज की रासलीला ने मोहा मन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 1 मार्च, 2026 राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरआरडब्ल्यूए) द्वारा रविवार को राजनगर स्थित रामलीला मैदान में एक भव्य 'होली मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को प्रेम और सौहार्द के इस पर्व की शुभकामनाएं दीं। समारोह में करण मल्होत्रा की मंडली ने ब्रज की पारंपरिक रासलीला और विभिन्न सांस्कृतिक झांकियों की शानदार प्रस्तुति दी, जिससे पूरा मैदान 'राधे-राधे' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विख्यात कवि और पत्रकार राज कौशिक का मंच संचालन रहा। उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ हास्य कविताओं की ऐसी फुहारें छोड़ीं कि दर्शक ठहाके लगाने पर मजबूर हो गए। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में आरआरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीन चौधरी, संजीव गुप्ता कोषाध्यक्ष भाजपा, सुधन रावत, अध्यक्ष डी.के. गोयल, महामंत्री अमरीश त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्यागी और उपाध्यक्ष एस.एस. पुरी। अध्यक्ष जय कुमार गुप्ता और पूर्व अध्यक्ष दीपक कांत गुप्ता। आरन पांडे, मीडिया प्रभारी सुनील दत्त, पंकज भारद्वाज, वीरेंद्र सारस्वत और सिमरन रंधावा। राजनगर के निवासियों ने इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फूलों की होली और गुलाल के बीच संगीत की धुनों पर झूमते लोगों ने उल्लासपूर्वक त्योहार मनाया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए इस आयोजन को आपसी भाईचारे का प्रतीक बताया।

# स्मार्ट मीटर के 'प्रीपेड मोड' ने बढ़ाई आफत, 10 हजार घरों की बिजली कटी




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद क्षेत्र के इंदिरापुरम, वसुंधरा और वैशाली में स्मार्ट मीटरों के अचानक 'प्रीपेड मोड' में जाने से हड़कंप मच गया। मीटरों द्वारा फरवरी माह का बिल जनरेट करते ही हजारों उपभोक्ताओं का बैलेंस माइनस में पहुंच गया, जिसके परिणामस्वरूप बिना किसी सूचना के करीब 10,000 घरों का कनेक्शन काट दिया गया।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि मीटर में पर्याप्त बैलेंस होने के बावजूद उनके कनेक्शन काट दिए गए। पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने बताया कि घंटों बिजली गुल रहने के बाद जब वे उपकेंद्र पहुँचीं, तो उन्हें रिचार्ज करने की सलाह दी गई। हालांकि, रिचार्ज के बाद भी सर्वर डाउन होने के कारण देर रात 11 बजे तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। धर्मेंद्र ठाकुर ने बता कि आशंका जताई कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो होली का त्योहार प्रभावित हो सकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहार के समय बिना नोटिस दिए कनेक्शन न काटे जाएं। बैलेंस खत्म होने की स्थिति में भी उपभोक्ताओं को पहले सूचित करना अनिवार्य होना चाहिए।

विद्युत निगम ने होली के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति का दावा किया है। इसके लिए प्रमुख क्षेत्रों में दो-दो विशेष टीमों की तैनाती की गई है, जो किसी भी फॉल्ट को तत्काल ठीक करेंगी। लाइनों के पास पेड़ों की छंटाई, इंसुलेटर और जंपरों की जांच का काम पूरा कर लिया गया है। पानी की किल्लत से बचाव: पिछले साल होली पर सुबह से बिजली गुल रहने के कारण पानी की आपूर्ति बाधित हुई थी। इस बार निगम का दावा है कि ऐसी स्थिति पैदा नहीं होने दी जाएगी।




## बोला वो फूल बिना बात का तूल और चुनाव तक पब्लिक जायेगी भूल

कर को लेकर भगवा गांव में घमासान मच गया है। फूल वाले पूर्व मेयर ने क्षमापार्थना कर ली और एक पूर्व मेयर ने कतई खामोशी धारण कर ली। मौहल्ला फ्लावर एकदम फायर हो रहे हैं। लेकिन लहर के रथ पर बैठकर सदन में पहुंचे एक पूर्व पार्षद ने कूल होकर पूरे कॉन्फिडेंस के साथ एक बात कही। उन्होंने नोटबंदी से लेकर कोरोना का जिक्र किया और कहा कि पब्लिक ने इन बातों की कोई फिक्र की। फिर उन्होंने कहा कि ये तो हमारे वाले ही हैं जो बिना मतलब का तूल दे रहे हैं। चुनाव में कोई घाटा नहीं होने वाला है। उन्होंने बताया कि जब तक चुनाव आयेंगे तब तक दो बार टैक्स भर चुकी होगी और तीसरी बात टैक्स भरने की तैयारी कर रही होगी। आप लिखकर रख लो चुनाव तक पब्लिक सब भूल जायेगी। जो माफी मांग रहे हैं वो खुद भी तो विधानसभा हार गये थे और लहर में स्लो वोटिंग के बाद भी पूरी तरह से ग्लो करते हुए जीत गये थे।


## देकर चांदी के 12 गिलास उसने करा लिया सात करोड़ का विकास

सोना तो पहले ही काबू से बाहर है और अब चांदी खरीदने की हैसियत भी बढ़ गयी है। किस्सा उस महकमे से निकला है जहां कभी वीआईपी का जिक्र होने लगता है, कभी तीन वाला सीन सामने आता है। जो किस्सा बाहर आया, उससे पता चला कि अब विकास भी मुफ्त में नहीं होता है। ये तो वो लोग हैं जो बिना मतलब में शोर मचा रहे हैं कि हमारे यहां विकास अवरूद्ध कर दिया। विकास तो हो रहा है और नदियापार में शोर 12 चांदी के गिलासों का हो रहा है। चांदी के 12 गिलास गिफ्ट होत ही विकास की स्टोरी में ट्विस्ट आ गय। कोई चांदी के 12 गिलास देते ही जनता के लिए सात करोड़ का विकास पैकेज ले आया है। चांदी के गिलासों का किस्सा नदियापार से लेकर लाईनपार तक गूंज रहा है।

## जब दीवान जी ने एडीजी साहब को भी बता दिया कि यहां क्राइम होता ही नहीं है

विकास वाले महकमें में प्रभारी जी आये। प्रभारी जी पुलिस के बड़े साहब रहे हैं और आज भी वो अपने महकमे को वरियता देते हैं। मुलाईजा हो गया जब उन्होंने आरडीसी वाले नो व्हीकल जोन की जानकारी लेते लेते अपना फोकस क्राइम पर कर लिया। आफटरऑल वो डीजीपी सन रहे हैं और खुद एडीजी रहे हैं और वीआरएस लेकर मंत्री बने हैं। यहां पर उन्होंने कानून की फीड़िग लेने के लिए जब गर्दन उठायी तो सीओ साहब आगे आये। उन्होंने इंकार में गर्दन हिला दी और फिर दरोगा जी ने सैल्यूट मारा और एडीजी साहब ने उन्हें भी साईड में कर दिया। और एडीजी साहब जानते थे कि पुलिस का दीवान ऐसा होता है जिसके पास पूरे ईलाके की क्राइम कुंडली का ज्ञान होता है। एडीजी साहब ने दीवान जी को बुलाया और उनसे पूछा कि तुम बताओ यहां क्राइम का क्या हाल है। दीवान जी भी पूरे चतुर सुजान थे और वो जानते हैं कि अब तुम एडीजी नहीं हो और हमें हुकुम यहां उन्हीं का बजाना है जिनकी तुम सुन नहीं रहे हो। दीवान जी ने भी एडीजी साहब को कहा कि यहां क्राइम तो है ही नहीं। दीवान जी की भी झूठ बोलने की हिम्मत को दात देना पड़ेगा कि जिस आरडीसी को एक्स एडीजी को नो क्राइम बता रहे थे जिस आरडीसी में कुछ दिन पहले दरोगा जी पिट गये थे शराबियों के हाथों।

# पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने किया होली महोत्सव और कवि सम्मेलन का आयोजन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम की कनावनी पुलिया स्थित बैकट हॉल में रविवार को पूर्व विधायक पंडित अमरपाल शर्मा द्वारा कवि सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अंकिता सिंह की वाणी वंदना से हुई। लखनऊ के हास्य कवि सौरभ जायसवाल, उन्नाव के विश्वनाथ विश्व और मुंबई के मुजावर मालेगांवीं ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मनोरंजन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राहुल अवस्थी ने किया तथा अध्यक्षता कवि शरदेंदु ने की। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुई और तिथियों ने फूलों की होली खेलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। अमरपाल शर्मा ने सभी से आपसी गिले-शिकवे भूलकर प्रेमभाव से होली मनाने की अपील की।

## फूलों की होली के बीच नागरिक सुरक्षा की भी चर्चा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिविल डिफेंस के कलेक्ट्रेट प्रभाग की पोस्ट 9 की ओर से आरडीसी स्थित एक संस्थान में मासिक के बैठक के पश्चात चंदन का तिलक लगा कर फूलों की होली खेली गई। इस मौके पर कलेक्ट्रेट प्रभाग के डिविजनल वार्डन सुधीर कुमार ने कहा कि होली के अवसर पर हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि यह पर्व हर्षोल्लास तथा शांतिपूर्वक मनाया जाए। कहीं भी किसी भी प्रकार का कोई विवाद न हो। उन्होंने आग्रह किया कि सभी पोस्टों पर ज्यादा से ज्यादा भर्ती कराई जाए ताकि हमारी शक्ति और कार्यक्षमता में भी वृद्धि हो सके।



इस मौके पर पोस्ट वार्डन रमाकांत यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं डिप्टी पोस्ट वार्डन संजय खन्ना से सभी का स्वागत किया। सेक्टर वार्डन निशांत राणा तथा शालिनी शर्मा के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में सिविल डिफेंस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी - राजेंद्र शर्मा, दीपक अग्रवाल, अमित कुमार श्रीवास्तव, राजकुमार तोमर, राजन गुप्ता, रेखा अग्रवाल, प्रदीप बाली सहित सेक्टर वार्डन विपिन कुमार गोयल, अजय श्रीवास्तव, दीपक वर्मा, सतेन्द्र कुमार, राहुल सक्सेना आदि उपस्थित रहे। सभी ने एक दूसरे को चन्दन का तिलक लगा कर होली पर्व की शुभकामनाएं देकर फूलों से जमकर होली खेली।

# फूलों की महक और लजीज व्यंजनों के साथ 'फ्लॉवर शो एवं चटकारे' का भव्य समापन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लैण्डक्राफ्ट डवलपर्स प्रा०लि० और हॉर्टिकल्चर एण्ड फ्लोरिकल्चर सोसायटीज गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 'फ्लॉवर शो एवं चटकारे' मेले का अंतिम दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल और सहायक पुलिस आयुक्त रितेश त्रिपाठी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की।







## प्रकृति और कला का अनूठा संगम


**करंट क्राइम।** आयोजन स्थल पर चारों ओर बिखरी असंख्य फूलों और पौधों की खुशबू ने आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रदर्शनी की मुख्य विशेषता ऑक्सीजन उत्सर्जित करने वाले पौधे, वायु प्रदूषण को शुद्ध करने वाले पौधे और दुर्लभ मेडिसिनल (औषधीय) प्लांट्स रहे। युवाओं और बच्चों के लिए फूलों से निर्मित 'ऊँ' सेल्फी पॉइंट आकर्षण का केंद्र बना रहा, जहां लोगों ने स्टैचू आर्टिस्ट के साथ जमकर तस्वीरें खिंचवाई। मेले के अंतिम दिन की शुरूआत ड्राइंग कॉम्पिटिशन से हुई, जिसमें लगभग 250 बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। मनोरंजन की कड़ी में: अनिल वैन्ट्रो वैन्ट्री लोकिस्ट ने पपेट (कठपुतली) के माध्यम से शानदार कॉमेडी शो प्रस्तुत किया। पैन्थर ग्रुप (दिल्ली) और गाजियाबाद की विभिन्न डांस एकेडमियों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। मंच का कुशल संचालन श्रीमती पूनम शर्मा द्वारा किया गया। समापन दिवस पर हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों के लिए सुरक्षा, पार्किंग और सफाई व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। चटकारे खंड में लोगों ने शहर के प्रसिद्ध व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

## प्रमुख अतिथियों की उपस्थिति

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में सूर्यबली मौर्य, जियाउद्दीन अहमद, दीपक भाटी, प्रियाश्री पाल, रजत कुमार जैसे गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस सफल आयोजन में ललित जायसवाल, राकेश गोयल, रमा त्यागी, रश्मि अग्रवाल, डी०के शर्मा, निर्माश अग्रवाल, दिवाकर सिंघल, दिव्यांशु सिंघल और विकास जैन का विशेष सहयोग रहा।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एक पिता के लिए सबसे खुशी का वह पल होता है जब उसका पुत्र सफलता की राह पर अग्रसर होता है। नवीन सिंघल के पुत्र देव सिंघल ने CA की परीक्षा के दोनों ग्रुप को पास किया। इस खुशी को नवीन सिंघल ने फेसबुक पर साझा किया और उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# खामनेई की मौत के बाद ईरान ने कहा

# खून का बदला खून!

**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में इस्राइल की एयर स्ट्राइक के बाद बड़े विस्फोट हुए और आसमान में धुएं के गुबार उठे। यह हमला 'तेहरान के दिल' को निशाना बनाकर किया गया। कई शहरों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और नागरिकों में भय का माहौल है।

ईरान की राजधानी तेहरान में भारी विस्फोट हुआ, जिसके बाद आसमान में धुआं उठता देखा गया। इस्राइली सेना ने दावा किया कि यह हमला 'तेहरान के दिल' पर किया गया है। यह पहला मौका है जब हालिया अमेरिकी-इस्राइली हमलों के दौरान राजधानी के इस केंद्रीय हिस्से को निशाना बनाया गया।

**तेहरान में सात स्थानों पर हमला**

तेहरान में हमलों ने शहरवासियों में भय और असुरक्षा की स्थिति पैदा कर दी है। पहले ये हमले शहर के बाहर होते थे, लेकिन आज स्थिति गंभीर है क्योंकि हमला सीधे शहर के बीचोंबीच हो रहा है। सात जगहों को निशाना बनाया गया है, जिसमें तेहरान एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्र भी शामिल हैं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं



कि हमलों के लक्ष्य सैन्य संस्थान हैं या सरकारी कार्यालय, लेकिन शहर में मुख्य होटल और शॉपिंग मॉल्स भी हमलों की चपेट में आए हैं। शहरवासी अब पहले से कहीं अधिक डरे हुए और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लोग राशन और जरूरी सामान की तलाश में हैं और चिंता कर रहे हैं कि यह स्थिति कितने दिन तक जारी रहेगी।

वीडियो में राजधानी के दो भवनों को हवाई हमलों में पूरी तरह नष्ट होते देखा जा सकता है। इससे पहले, इस्राइली सेना ने बताया था कि वह तेहरान के केंद्र में ईरानी आतंकवादी शासन के लक्ष्यों पर व्यापक हमलों की एक श्रृंखला चला रही है।

हमलों का उद्देश्य ईरानी प्रशासनिक और

**जब तेहरान में एक बड़ी बैठक की खुफिया जानकारी मिली, तो अमेरिका और इस्राइल ने हमले का वक्त बदलकर इस मौके का फायदा उठाया।**

## ऑपरेशन की पूरी कहानी, बेहद सुरक्षित परिसर में कैसे मारे गए ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई

**तेहरान।** अमेरिका और इस्राइल के बीच गहरी खुफिया साझेदारी है। इसी की मदद से ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई और अन्य शीर्ष अधिकारियों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने महीनों तक खामेनेई की निगरानी की।

इस मलबे के पीछे छुपा है वह राज, जिसने लगभग पांच दशक तक ईरान को अमेरिकी खतरों से बचाए रखा था। अमेरिका-इस्राइल ने तेहरान में जिस सुरक्षित परिसर को निशाना बनाया, वहां रहते थे ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई। हमलों में उनकी मौत हो गई।

**सीआईए की इस पूरे ऑपरेशन में क्या भूमिका थी:** सीआईए यानी अमेरिका की केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने इस ऑपरेशन में सबसे अहम भूमिका निभाई। एजेंसी कई महीनों से अयातुल्लाह खामेनेई की गतिविधियों पर नजर रख रही थी।

# ओमान के तेल टैंकर पर ईरान का हमला, चपेट में आए 15 भारतीय

## दुबई से हाइफा तक हमलों की दहशत

**मस्कट।** अमेरिका और इस्राइल के हमलों के बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई अब पूरे खाड़ी क्षेत्र में असर दिखा रही है। ओमान के समुद्र में ऑयल टैंकर पर हमला हुआ। टैंकर में 20 चालक सदस्यों में से 15 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। आइए जानते हैं दुबई समेत हाइफा और सऊदी में कितना असर पड़ा।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव अब कई देशों तक फैलता दिखाई दे रहा है। अमेरिका और इस्राइल के हमलों के बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई तेज हो गई है और खाड़ी क्षेत्र के अहम समुद्री, हवाई और आर्थिक ठिकाने निशाने पर आ गए हैं। ओमान के समुद्री इलाके से लेकर दुबई, इस्राइल के हाइफा बंदरगाह और सऊदी अरब की राजधानी रियाद तक धमाकों और हमलों की खबरों ने क्षेत्रीय सुरक्षा को गंभीर चुनौती दे दी है।

ओमान के समुद्र में हुआ हमला

ओमान के मसंदम तट से करीब



पांच नॉटिकल मील दूर एक ऑयल टैंकर पर हमला किया गया। ओमान के मैरिटाइम सिक्योरिटी सेंटर के मुताबिक स्कायलाइट नाम के जहाज को निशाना बनाया गया, जिसमें चार लोग घायल हुए। जहाज पर मौजूद 20 सदस्यीय क्रू को सुरक्षित निकाल लिया गया। ओमानी नौसेना और सेना ने राहत अभियान चलाया। यह हमला

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जिस तेल टैंकर पर हमला हुआ है, उसमें मौजूद सभी 20 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया। इनमें 15 भारतीय नागरिक और 5 ईरानी नागरिक शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार बचाव अभियान तुरंत चलाया गया और सभी लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

### गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल के प्रमुख ने की कड़ी निंदा

गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल के प्रमुख जासेम अल-बुदैवी ने ओमान के दुक्म बंदरगाह पर ईरान के हमले और ओमान तट के पास एक तेल टैंकर को निशाना बनाए जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे गंभीर उल्लंघन और खतरनाक सैन्य बढ़ोतरी बताया, जो क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है।

ईरानी जवाबी हमलों के बाद संयुक्त अरब अमीरात में हालात अचानक बदल गए। दुबई और अबू धाबी से आने-जाने वाली एक हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जो दुनिया का सबसे व्यस्त अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा माना जाता है, अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। रात के हमलों में कुछ ढांचागत नुकसान की भी रिपोर्ट सामने आई। यूएई नेतृत्व ने ईरान की कार्रवाई की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह के हमलों से क्षेत्रीय अस्थिरता और बढ़ेगी।

**हाइफा पोर्ट और इस्राइल की सप्लाई लाइन पर क्या असर पड़ा**

इस्राइल के हाइफा पोर्ट प्रशासन ने बयान जारी कर कहा कि सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और बंदरगाह सामान्य रूप से काम कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार बंदरगाह की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और परिवहन मंत्रालय के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। हाइफा पोर्ट इस्राइल की अंतरराष्ट्रीय व्यापार और सप्लाई चेन का अहम केंद्र है, इसलिए किसी भी खतरे को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

## खामेनेई की मौत के बाद ईरान को मिला नया सुप्रीम लीडर अलीरेजा अराफी

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी बड़े सैन्य टकराव के बीच ईरान की सत्ता में बड़ा बदलाव हुआ है। अमेरिकी और इस्राइल के संयुक्त हमले में लंबे समय से ईरान के सर्वोच्च नेता रहे अली खामेनई की मौत के बाद देश में नेतृत्व परिवर्तन शुरू हो गया। ऐसे समय में वरिष्ठ धर्मगुरु अयातुल्ला अलीरेजा अराफी को ईरान का नया अंतरिम सुप्रीम लीडर नियुक्त किया गया है।

खामेनई की मौत के बाद सत्ता परिवर्तन क्यों हुआ

रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को अमेरिका और इस्राइल ने ईरान के कई सैन्य और सरकारी ठिकानों पर बड़ा हमला किया। इस अभियान में शीर्ष सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व से जुड़े स्थानों को निशाना बनाया गया। 1989 से ईरान का नेतृत्व कर रहे 86 वर्षीय अली खामेनई की इसी हमले में मौत हो गई। शुरूआत में ईरान ने इन खबरों से इनकार किया, लेकिन बाद में उनकी मौत की पुष्टि की गई। इसके बाद संवैधानिक प्रक्रिया के तहत अंतरिम



नेतृत्व व्यवस्था लागू की गई।

अलीरेजा अराफी कौन हैं और उनकी भूमिका क्या होगी?

अयातुल्ला अलीरेजा अराफी ईरान के वरिष्ठ धार्मिक नेता माने जाते हैं। उन्हें अंतरिम नेतृत्व परिषद में न्यायविद सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यही परिषद अब सुप्रीम लीडर की जिम्मेदारियां संभालेगी। अराफी फिलहाल देश के सर्वोच्च धार्मिक और राजनीतिक पद की जिम्मेदारी निभाएंगे। उनका काम संक्रमण काल में शासन व्यवस्था को स्थिर रखना और नए स्थायी सुप्रीम लीडर के चयन तक नेतृत्व करना होगा।

### हमले के बाद ईरान और दुनिया की प्रतिक्रिया क्या रही

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सबसे पहले खामेनई की मौत का दावा किया। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इसे ईरान और दुनिया के लिए बड़ा बदलाव बताया। दूसरी ओर ईरान अब बाहरी सैन्य दबाव और अंदरूनी राजनीतिक संक्रमण दोनों से जूझ रहा है। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि यह बदलाव केवल ईरान ही नहीं बल्कि पूरे पश्चिम एशिया की राजनीति और सुरक्षा संतुलन को प्रभावित कर सकता है।

# खामेनेई की मौत पर भड़का रूसः पुतिन ने जताई संवेदना

## ईरानी राष्ट्रपति को भेजे शोक संदेश में क्या कहा

**मॉस्को।** अमेरिका और इस्राइल के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दुख जताया। उन्होंने इसे हत्या करार दिया।

पुतिन ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन को भेजे संदेश में कहा, इस्लामी गणराज्य ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या पर मेरी गहरी संवेदना स्वीकार करें। यह मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी नियमों का खुला उल्लंघन है। इस संदेश को क्रेमलिन ने जारी किया है। पुतिन ने आगे कहा कि रूस में खामेनेई को एक बड़े नेता के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रूस और ईरान के संबंधों को मजबूत करने में खामेनेई का अहम योगदान रहा।

**ईरान के सरकारी टीवी ने की खामेनेई की मौत की पुष्टि**

ईरान के सरकारी टेलीविजन ने खामेनेई की मौत की पुष्टि की। इसके बाद ईरान ने नए हमले शुरू किए। वहीं, इस्राइल ने तेहरान पर जवाबी कार्रवाई की।रूसी राष्ट्रपति ने अमेरिका और इस्राइल के हमलों पर इसके अलावा कोई सीधी टिप्पणी नहीं की।

**-रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने ईरानी समकक्ष मसूद पेजेश्कियन को संदेश भेजा है और उनके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की इस्राइली-अमेरिकी हमलों में मौत पर संवेदना जताई है।**



**रूस के वरिष्ठ राजनयिकों ने क्या चेतावनी दी**

रूस के वरिष्ठ राजनयिकों ने चेतावनी दी कि अमेरिका और इस्राइल के हमले क्षेत्र को परमाणु संकट के कगार पर ले जा सकते हैं और तनाव को और बढ़ा सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थायी प्रतिनिधि वेसिली नेबेंज्या ने इन हमलों को कूटनीति के साथ विश्वासघात बताया। उन्होंने पश्चिमी देशों के इस तर्क को खारिज किया कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करना चाहते था। उन्होंने इसे पूरी तरह बेबुनियाद बताया। नेबेंज्या ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में कहा, कूटनीतिक प्रक्रिया में शामिल होने की इच्छा रखने के बावजूद एक बार फिर तेहरान की पीठ में छुरा घोंपा गया है। ईरान की ओर से इराक और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर की गई जवाबी कार्रवाई का जिक्र करते हुए नेबेंज्या ने कहा कि अमेरिका-इस्राइल के हमलों ने क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और यह संघर्ष क्षेत्र से बाहर भी फैल सकता है।

रूसी विदेश मंत्रालय ने शनिवार अमेरिका और इस्राइल के हमलों की निंदा की। मंत्रालय ने इसे 'जानबूझकर पहले से योजना बनाकर और बिना उकसावे के किया गया सशस्त्र आक्रमण' करार दिया। मंत्रालय ने कहा कि यह हमला उस समय किया गया, जब वार्ता की प्रक्रिया फिर से शुरू हुई थी। मंत्रालय ने चेतावनी दी कि इन हमलों से क्षेत्र मानवीय, आर्थिक और यहां तक कि रेडियोधर्मी आपदा के कगार पर पहुंच सकता है।

उत्तर कोरिया ने भी अमेरिका और इस्राइल के ईरान पर हमलों की निंदा की है। उसने इन हमलों को 'गैरकानूनी, आक्रामकता' और राष्ट्रीय संप्रुभता का उल्लंघन करार दिया। सरकारी मीडिया कोरिया सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से दी है।

प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में अमेरिका का शामिल होना कोई हैरानी की बात नहीं है। उन्होंने अमेरिका के स्वभाव को वर्चस्ववादी और गैंगस्टर जैसा बताया और कहा कि ऐसी कार्रवाई उसी का नतीजा है। बयान में कहा गया कि अमेरिका और इस्राइल की ओर से शुरू किया गया आक्रामकता किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

# अमेरिका ने ईरान के ड्रोन जैसे ही हथियार से किया वार, खतरनाक तकनीकों से लैस हैं हथियार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने पहली बार लुकास कामिकाजे ड्रोन को युद्ध में उतारकर सैन्य रणनीति बदल दी है। ईरान के शाहेद ड्रोन से प्रेरित यह हथियार कम लागत में बड़े हमले करने में सक्षम है। लंबी जंग की तैयारी और ड्रोन आधारित युद्ध की नई शुरूआत के संकेत मिल रहे हैं। ऐसे में आइए जानते हैं क्यों खास है ये कामिकाजे ड्रोन सिस्टम।

पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच अमेरिका ने युद्ध की रणनीति में बड़ा बदलाव करते हुए नया लुकास कामिकाजे ड्रोन मैदान में उतार दिया है। ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के दौरान पहली बार इन ड्रोन का वास्तविक युद्ध में इस्तेमाल किया गया। खास बात यह है कि यह ड्रोन ईरान के चर्चित शाहेद-136 ड्रोन की तकनीक को समझकर विकसित किया गया है। अब वही तकनीक अमेरिका के जवाबी हथियार के रूप में सामने आई है।

### क्या है ऑपरेशन एपिक फ्यूरी और लुकास की एंट्री क्यों अहम

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि टास्क फोर्स स्कॉर्पियन स्ट्राइक ने पहली बार वन-वे अटैक यानी कामिकाजे ड्रोन का इस्तेमाल किया। ये ड्रोन लक्ष्य तक पहुंचकर सीधे टकराते हैं और विस्फोट कर देते हैं। वर्ष 2025 के अंत में पेश किए गए लुकास ड्रोन को अब सक्रिय सैन्य अभियान में लगाया गया है। इसे कम लागत में बड़े पैमाने पर हमले करने वाली नई युद्ध तकनीक माना जा रहा है।

लुकास यानी लो-कॉस्ट अनमैन्ड कॉम्बैट अटैक सिस्टम को एरिजोना की कंपनी स्पेक्ट्रेवर्क्स ने विकसित



किया है। यह वी आकार का ड्रोन है और बिना पायलट के लंबी दूरी तय कर सकता है। आइए बिंदुवार तरीके से इन ड्रोंस की खासियतों पर एक नजर डालते हैं।

### टास्क फोर्स स्कॉर्पियन स्ट्राइक क्या है

दिसंबर 2025 में अमेरिका ने अपनी पहली कामिकाजे ड्रोन यूनिट बनाई थी। इसका उद्देश्य सैनिकों को जल्दी और सस्ते ड्रोन हथियार उपलब्ध कराना है।

इस यूनिट ने पश्चिम एशिया में लुकास ड्रोन की पूरी स्क्वाड्रन तैयार कर ली है। जमीन और समुद्र दोनों मोर्चों पर ड्रोन नेटवर्क बनाने की रणनीति पर काम किया जा रहा है ताकि किसी भी क्षेत्र में तेजी से हमला किया जा सके।

### अमेरिका को ऐसे सस्ते ड्रोन की जरूरत क्यों पड़ी

सैन्य विश्लेषण के अनुसार आधुनिक युद्ध बेहद महंगे हथियारों पर निर्भर हो गया है। टॉमहॉक मिसाइल जैसी एक मिसाइल की कीमत लाखों डॉलर होती है और लंबी लड़ाई में हथियारों का स्टॉक तेजी से खत्म हो सकता है। ऐसे में लुकास जैसे सस्ते और बड़ी संख्या में बनने वाले ड्रोन युद्ध को लंबे समय तक जारी रखने का विकल्प देते हैं। यही वजह है कि अमेरिका अब कम लागत वाले लेकिन घातक हथियारों पर जोर दे रहा है।

### ईरानी ड्रोन से अमेरिकी जवाबी रणनीति कैसे बनी

ईरान का शाहेद-136 ड्रोन पहले रूस और ईरान समर्थित समूहों द्वारा बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया था। अमेरिका ने इसी ड्रोन को पकड़कर उसकी तकनीक का अध्ययन किया और बेहतर संस्करण तैयार किया। अब वही मॉडल अमेरिकी सैन्य रणनीति का हिस्सा बन गया है। इसे सैन्य नवाचार और तकनीकी जवाबी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।

### जिनेवा वार्ता में क्या हुआ और तनाव क्यों बना हुआ है

26 फरवरी 2026 को जिनेवा में अमेरिका और ईरान के बीच तीसरे दौर की बातचीत हुई। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने बातचीत को गंभीर बताया, लेकिन परमाणु कार्यक्रम जैसे मुद्दों पर दोनों पक्ष अभी भी दूर हैं। ईरान यूरेनियम संवर्धन रोकने या स्थायी प्रतिबंध मानने को तैयार नहीं है। ओमान ने मध्यस्थ के रूप में प्रगति की बात कही, लेकिन कोई समझौता नहीं हुआ।

## आईआरजीसी ने जारी की अमेरिकी सैन्य अड्डों पर विनाशकारी हमले की चेतावनी



**तेहरान।** सुप्रीम नेता खामेनेई की मौत के बाद ईरान की आईआरजीसी ने अमेरिका और इस्राइल पर हमले की बड़ी चेतावनी दी है। जिससे साफ हो गया कि खामेनेई की मौत के बाद ईरान चुप नहीं बैठेगा। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने अपने बयान में कहा है कि कुछ ही पल में विनाशकारी हमला किया जाएगा।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त हमले में मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार सुबह हमले में खामेनेई मारे गए। वहीं अब अपने नेता की मौत के बाद ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) ने बदले की चेतावनी दी है।

ईरान की शक्तिशाली सैन्य इकाईइस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने घोषणा की है कि वह इस्लामी गणराज्य के इतिहास का सबसे तीव्र और विनाशकारी सैन्य अभियान शुरू करने जा रही है, जो इस्राइल और अमेरिका के मध्य पूर्व में मौजूद ठिकानों को निशाना बनाएगा। यह जानकारी ईरान की फार्स समाचार एजेंसी ने आईआरजीसी के एक बयान के पर प्रकाशित की है।

**अमेरिकी ठिकानों पर बरसाएंगे बमः** आईआरजीसी ने कहा है कि यह ऑपरेशन 'कुछ ही पलों में' शुरू होगा और इसका लक्ष्य क्षेत्र में अमेरिकी व इस्राइली सैन्य प्रतिष्ठान और अन्य महत्वपूर्ण ठिकाने होंगे। फार्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक आईआरजीसी ने खामेनेई की मौत पर कहा है कि हमने एक महान लीडर खो दिया है और हम उनके लिए दुख मनाते हैं। बयान में कहा गया कि आईआरजीसी घरेलू और विदेशी साजिशों का डटकर सामना करेगा। जिससे साफ हो गया कि खामेनेई की मौत के बाद ईरान चुप नहीं बैठेगा।

## हमलों के बीच रुबियो का इस्राइल दौरा रद्द; ईरान अपनी गलतियों का नतीजा भुगत रहा- हेगसेथ

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच आखिरकार अमेरिका और इस्राइल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ईरान पर बड़ा हमला किया। ईरान के कई शहरों पर हवाई हमले हुए। जवाब में ईरान ने कई देशों के अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इसी बीच कई देशों की प्रतिक्रिया भी सामने आई। वहीं, भारत ने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की। तुर्किये ने भी तनाव कम करने के लिए मध्यस्थता की भूमिका निभाने की भी पेशकश की है। ईरान के साथ जारी तनाव के बीच अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इस हफ्ते होने वाला अपना इस्राइल दौरा रद्द कर दिया है। यह जानकारी अमेरिकी विदेश विभाग ने दी है। मार्को रुबियो को सोमवार और मंगलवार को इस्राइल की यात्रा पर जाना था। लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए उनका दौरा रद्द कर दिया गया है। अमेरिकी विदेश विभाग के सहायक सचिव डायलन जॉनसन ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि ह्ववर्तमान परिस्थितियों के कारण विदेश मंत्री 2 मार्च को इस्राइल की यात्रा नहीं करेंगे।

**तुर्किये ने भी तनाव कम करने के लिए मध्यस्थता की भूमिका निभाने की भी पेशकश की है**

अबू धाबी एयरपोर्ट पर एक घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। यह जानकारी अबू धाबी एयरपोर्ट्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। कंपनी के अनुसार, यह घटना जद्दाह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुई।

# 'एकजुट हों, बनाए स्वतंत्र और समृद्ध भविष्य', खामेनेई की मौत के दावों के बीच ईरानी जनता से बोले रजा पहलवी

**तेहरान।** अमेरिकी और इस्राइली हमलों के बाद ईरान में तनाव बढ़ गया। इस्राइल और अमेरिका ने खामेनेई की मौत का दावा किया। इसके बाद निर्वासित शाही राजकुमार रजा पहलवी ने ईरानी जनता से एकजुट होने और स्वतंत्र, समृद्ध भविष्य की दिशा में सुरक्षित संक्रमण सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

पहलवी ने कहा कि खामेनेई के उत्तराधिकारी की नियुक्ति का कोई प्रयास सफल नहीं होगा और सेना व सुरक्षा बलों से आग्रह किया कि वे गिरते शासन को बचाने की कोशिश न करें। उन्होंने जनता को सतर्क और एकजुट रहने की अपील की और कहा कि जल्द ही व्यापक जनसैनिक आंदोलन की आवश्यकता है।



### पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा

गौरतलब है कि इस घटनाक्रम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया है। अमेरिकी और इस्राइली हमलों के बाद ईरान ने तीव्र जवाबी कार्रवाई की, जिससे क्षेत्रीय देशों में सुरक्षा स्थिति नाजुक हो गई है। विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि यह संघर्ष किसी बड़े क्षेत्रीय युद्ध में बदल सकता है। इससे पूरे पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ गई है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें इस संवेदनशील स्थिति पर टिकी हुई हैं।

**ईरान पर हमले और जवाबी कार्रवाई**

बता दें कि अमेरिका और इस्राइल ने मिलकर ईरान में बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए। तेहरान और देश के कई बड़े शहरों में तेज धमाके सुने गए। इसके तुरंत बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की और खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी और इस्राइली ठिकानों को निशाना बनाया। इतना ही नहीं तेहरान और अन्य स्थानों में कई विस्फोटों की खबरें मिलीं।

**रजा पहलवी का संदेश**

निर्वासित ईरानी शाही राजकुमार रजा पहलवी ने शनिवार को ईरान के लोगों से एकजुट होने और एक स्वतंत्र और समृद्ध भविष्य की ओर सुरक्षित संक्रमण सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि खामेनेई के उत्तराधिकारी के लिए किसी भी प्रयास की सफलता नामुमकिन है। पहलवी ने देश की सेना, पुलिस और सुरक्षा बलों से कहा कि वे गिरते हुए शासन को बचाने की कोशिश न करें और जनता के साथ मिलकर देश के भविष्य का निर्माण करें।

पहलवी ने कहा कि खामेनी की मौत उन परिवारों के लिए सांत्वना हो सकती है जिन्होंने ईरान की राष्ट्रीय क्रांति के दौरान अपने प्रियजनों को खोया। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और एकजुट रहने की अपील की, और कहा कि जल्द ही व्यापक जनसैनिक और निर्णायक आंदोलन की आवश्यकता है।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# शहर विधायक संजीव शर्मा के होली मिलन समारोह में जमकर वर्षा अपनेपन का रंग





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शहर विधायक संजीव शर्मा ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। होली मिलन समारोह में भाजपा के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और समाज के सभी वर्गों के गणमान्य लोग पहुंचे। शहर विधायक संजीव शर्मा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और सभी ने यहां होली महोत्सव का जमकर आनंद लिया।

# 1080 स्थानों पर होलिका दहन पुलिस ने कसी सुरक्षा की कमान



**नोएडा ।** आगामी होली के पर्व को लेकर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सभी नागरिकों से होली के पर्व को शांतिपूर्वक व सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाये जाने की अपील की गई है। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में लगभग 1080 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। रंगोत्सव/रमजान माह को सकुशल एवं निर्विघ्न संपन्न कराने के उद्देश्य से कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर को 10 जोन व 26 सेक्टर में विभाजित करते हुए सेक्टर स्कीम प्रभावी की गयी है। होलिका दहन/होली के अवसर पर लगने वाले मेलों में संभावित भीड़ के दृष्टिगत सभी जगहो पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है।

होली के त्यौहार पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था डॉ. राजीव नारायण मिश्र द्वारा नोएडा व सेंट्रल नोएडा जोन, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजय कुमार द्वारा ग्रेटर नोएडा जोन के अधिकारियों का पर्यवेक्षण किया जाएगा। इसी क्रम में रवि शंकर निम (डीसीपी मुख्यालय) को ग्रेटर नोएडा जोन में व ट्विंकल जैन (एडीसीपी/स्टाफ ऑफिसर) व विवेक रंजन राय (एसीपी साइबर) को नोएडा जोन, पूनम मिश्रा (एडीसीपी जेवर एयरपोर्ट) को सेन्ट्रल नोएडा जोन व दीक्षा सिंह (एसीपी महिला सुरक्षा), हेमन्त उपाध्याय (एसीपी लाइन्स/आरटीसी) को ग्रेटर नोएडा जोन में आगामी त्योहार के दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाये रखने का दायित्व सौंपा गया है।

संवेदनशील स्थानों के आस-पास 26 मोबाइल क्यूआरटी व 4 प्लाटून पीएसी को तैनात किया गया है। पुलिस द्वारा अभी तक 45 संवेदनशील/हॉटस्पाट स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां पर अतिरिक्त पुलिस बल व पीएसी बल को तैनात किया गया है।

# होली पर घर जाने वालों को बड़ी राहत परिवहन निगम चलाएगा 300 अतिरिक्त बसें

## गाजियाबाद से लखनऊ-आगरा का सफर होगा आसान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रंगों के त्योहार होली पर अपने घर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (वढरफ्ळड) ने अपनी कमर कस ली है। यात्रियों की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए गाजियाबाद क्षेत्र से रोजाना करीब 300 अतिरिक्त ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक के.एन. चौधरी ने बताया कि निगम का मुख्य उद्देश्य त्योहार के दौरान यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और किफायती यात्रा उपलब्ध कराना है।

दिल्ली से सटे होने के कारण गाजियाबाद में यात्रियों का दबाव सबसे अधिक रहता है। इसे देखते हुए आनंद विहार, कश्मीरी गेट और सराय काले खां आईएसबीटी के लिए बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं। यहां से विशेष रूप से लखनऊ, बरेली, कानपुर, आगरा और हल्द्वानी जैसे प्रमुख रूटों पर अतिरिक्त बसें उपलब्ध रहेंगी। इस बार गाजियाबाद से लगभग 2600 बस डिपार्चर का लक्ष्य रखा गया है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले कहीं अधिक है।

### प्राइवेट बसों की मनमानी पर लगेगी लगाम

त्योहारों के समय अक्सर प्राइवेट बस संचालक किराया बढ़ा देते हैं, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। परिवहन निगम के अतिरिक्त फेरों से यात्रियों को सरकारी दर पर यात्रा करने का विकल्प मिलेगा। बसों की फिटनेस जांच पहले ही पूरी की जा चुकी है और सभी कंडम बसों को ठीक कर सड़कों पर उतार दिया गया है।

28 फरवरी से 9 मार्च 2026 तक 'होली विशेष प्रोत्साहन योजना' लागू की गई है। इसके तहत अधिक ट्रिप लगाने वाले और निर्धारित किलोमीटर से ज्यादा बस चलाने वाले चालकों व परिचालकों को विशेष वित्तीय प्रोत्साहन (इंसेंटिव) दिया जाएगा।

# शिप्रा सनसिटी में उत्तराखंड के रंग लोकगीतों संग मनाया होली मिलन समारोह





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के शिप्रा सनसिटी स्थित जॉगर्स पार्क में रविवार को 'उत्तरांचल देवभूमि सांस्कृतिक समिति' द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देवभूमि उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और लोक कला की अनूठी झलक देखने को मिली। समारोह का मुख्य आकर्षण उत्तराखंड के पारंपरिक लोकनृत्य 'झोड़ा' और 'झुमेलो' रहे। शिप्रा सनसिटी में रह रहे उत्तराखंडी परिवारों ने पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-दमाऊ की थाप पर सामूहिक नृत्य कर पूरे वातावरण को पहाड़ी रंग में सराबोर कर दिया।

रंग और उमंग के इस माहौल में महिलाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समिति के अध्यक्ष प्रीतम पंवार ने समाज को संबोधित करते हुए कहा, ₹उत्तराखंड की लोक परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखना हम सभी का साझा दायित्व है। ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और गौरवशाली संस्कृति से परिचित कराना है।₹ उन्होंने विश्वास दिलाया कि समिति भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी ताकि समाज में एकता और सांस्कृतिक पहचान सुदृढ़ बनी रहे।

## सम्मान



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चोपला दिल्ली गेट व्यापार मंडल ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर दिल्ली गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनय सिंघल ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव तथा उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के नेता अभिषेक गर्ग को सम्मानित किया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने इस अवसर पर सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि हमें एकजुट होकर व्यापार मंडल की शक्ति को कायम रखना चाहिए।

# सेक्टर-135 के डूब क्षेत्र में मिला चालक का शव, जांच में जुटी पुलिस



**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश में जिला गौतमबुद्धनगर परिक्षेत्र ग्रेटर नोएडा के एक्सप्रेस-वे थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-135 के डूब क्षेत्र में रविवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना डायल-112 के माध्यम से पुलिस को मिली, जिसके बाद स्थानीय थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। मौके पर पहुंची पुलिस और निरीक्षण टीम द्वारा जांच कार्रवाई की गई। रविवार को पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान राकेश (45), निवासी जरीफ नगर, जनपद बदायूं के रूप में हुई है। वह पेशे से ड्राइवर था। प्रारंभिक जांच के दौरान घटनास्थल को सुरक्षित कर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से साक्ष्य एकत्र कर बारीकी से निरीक्षण किया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के अनावरण के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है ।

# सौहार्द और भाईचारे के रंग में रंगा कौशांबी

## क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और पुलिस प्रशासन ने की शिरकत







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी 'करवा' द्वारा होली पर्व के अवसर पर 'होली मिलन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, पुलिस अधिकारियों और संस्था के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद मनोज गोयल उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अपने संबोधन में पार्षद कुसुम गोयल ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता और समरसता को बढ़ावा देते हैं। होली की खुशियों के बीच सुरक्षा और शांति का संदेश देने के लिए एसएचओ अजय शर्मा, कार्यक्रम में शिरकत की। संस्था के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर पुलिस अधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में 'करवा' की पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। आयोजन के दौरान पदाधिकारी मुख्य रूप से सक्रिय रहे अध्यक्ष: अजीत सिंह, उपाध्यक्ष: संदीप गुप्ता, सचिव: संजय दुबे, कोषाध्यक्ष: संगीता श्रीवास्तव, जिला सचिव विक्रम सिंह एवं अतुल बंसल, पूर्व करवा: सुमित कश्यप मौजूद रहे। होली मिलन समारोह के दौरान फूलों की होली और सांस्कृतिक गीतों की प्रस्तुति दी गई। अंत में संस्था के अध्यक्ष अजीत सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# लोनी में मनाया गया होली मिलन समारोह, नेताओं ने दिए एकजुटता के संदेश




**लोनी, करंट क्राइम।** बेहटा स्थित चंदन वाटिका में पूर्व पालिका अध्यक्ष मनोज धामा और वर्तमान पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में जनसमूह उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समारोह में सर्वदलीय नेताओं ने शिरकत की, जिसमें खतौली विधायक मदन भैया, बागपत जिला पंचायत अध्यक्ष जय किशोर और भाजपा नेता शामिल हुए।

इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने सफाई कर्मचारियों को मंच से सम्मानित किया। रागनियों के बीच संपन्न हुए इस कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ ने लोनी की एकता की मिसाल पेश की। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक, जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, खतौली विधायक मदन भैया, बागपत जिला पंचायत अध्यक्ष जय कुमार,अमरजीत सिंह बिड्डी, इंद्रजीत सिंह टीटू,अजय प्रमुख, योगेंद्र मावी, भाजपा नेता अनिल कसाना, महावीर खलीफा, डॉक्टर विनोद बंसल, सभासद नौशाद सैफी, नितेश धामा,अमित तोमर, रूपा चौधरी ,पिंटू, मोहन शर्मा, याकीन मलिक, हसमुद्दीन , राहुल अली, जगत चौधरी, गजी सभासद, सभासद लज्जा देवी, सभासद कामू, मार्टिन फैसल, कुलवंत शर्मा, सरताज खान, इंद्रपाल कसाना, शकील मलिक, विपिन अतहर रहमान, सतीश शर्मा, बबलू खलीफा, वाजिद अली, देवेंद्र ढाका,ओमी प्रधान, सेलक प्रधान, डीके गुर्जर, रणवीर सिंह धामा, हरबीर खलीफा, अमरपाल धामा, उदयपाल प्रधान, राजीव शर्मा सत्ते पंडित, प्रगति धामा रितिका धामा, दक्ष धामा, अर्पित धामा, मनीष डागर, सतपाल डागर, रमेश चौधरी, रामबीर चौधरी, सुधीर तोमर, कपिल मलिक, भल्ला गुर्जर, ब्रजपाल मास्टर, आशु मलिक ,बबलू शर्मा, मुकेश पाल, पप्पू चौधरी, मूफीद आलम, अजय पंडित, विकास धामा, सेंसरपाल चौधरी सहित हजारों की संख्या में लोनी की देवतुल्य जनता व राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## चिन्टू




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।